आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 22 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-054 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

मवेशी तस्करी के आरोप में 4 किसान गिरफ्तार

बिलासपुर,22 मई। मवेशी तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने चार किसानों को गिरफ्तार किया है. इन्हें मवेशियों को पैदल बूचड़खाने ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. इधर किसानों के परिजनों ने पुलिस पर झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है. यह पूरा मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है. रतनपुर पुलिस को बीते सोमवार की रात सूचना मिली कि कुछ लोग मवेशियों को बूचड़खाना लेकर जा रहे हैं. जानकारी मिलते ही पुलिस ने परसदा मेन रोड में घेराबंदी कर परसदा निवासी बबलू यादव, बैमा निवासी दीनदयाल यादव, सरवन धुरी और सेलर निवासी लाला धुरी को पकड़ लिया. इस दौरान ये लोग 16 मवेशियों को लेकर जा रहे थे. इन पर आरोप है कि बिना आवश्यक चारा और पानी के क्रूरतापूर्वक मवेशियों को बूचड़खाना लेकर जा रहे थे. वहीं मवेशियों को सरपंच के हवाले किया गया और सभी के खिलाफ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है. इस मामले में पकड़े गए आरोपियों के परिजनों का कहना है कि सभी लोग अलग-अलग गांव के रहने वाले किसान हैं, जो मवेशी को पैदल लेकर बाजार जा रहे थे. लेकिन पुलिस ने मवेशी तस्करी के झूठे केस में फंसा दिया है. बता दें कि रतनपुर और बेलगहना में मवेशी बाजार लगता है. जहां कृषि योग्य बैल की खरीदी-बिक्री होती है.

अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से किया निष्कासित

पटना ,22 मई। बिहार के काराकाट संसदीय क्षेत्र से बतौर निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को भाजपा ने बुधवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया। बिहार भाजपा मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा निष्कासन का पत्र जारी कर दिया गया है। पवन सिंह के नाम से जारी पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में आप एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह कार्य दल विरोधी है जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है। पत्र में कहा गया है कि दल विरोधी इस कार्य के लिए प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार उन्हें पार्टी से निष्कासित किया जाता है। कई दिनों से यह कयास लगाया जा रहा था कि पार्टी उन्हें निष्कासित कर सकती है। उल्लेखनीय है कि एनडीए की ओर से काराकाट संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं जिनका मुकाबला महागठबंधन के प्रत्याशी भाकपा माले के राजाराम सिंह से माना जा रहा है। अभिनेता पवन सिंह को भाजपा ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से प्रत्याशी बनाया था, लेकिन उन्होंने वहां से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। इसके बाद वे काराकाट क्षेत्र से बतौर निर्दलीय मैदान में उतरे।

सपा की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट और अराजकता : सीएम योगी

जौनपुर ,22 मई । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री बुधवार को जौनपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश में एक ही स्वर है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार-400 पार। यह सुनते ही समाजवादी पार्टी की स्थिति बहुत बुरी हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में इनके प्रत्याशी ने नामांकन ही गलत भर दिया। कोई लड़ने के लिए नहीं मिला। जब सपा व कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं।

हम सब मिलकर बदलेंगे छत्तीसगढ़ की तकदीर और तस्वीर : मुख्यमंत्री

रायपुर,22 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली राज्य के रूप में होना मन को बेहद टीस देने वाला है। इस छवि को बदलना होगा। इसमें सरकार के अलावा राजनैतिक दल, मीडिया जगत और पूरे समाज यहां तक कि हर आम नागरिक को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर दोनों बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। ÷हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे के सूत्र वाक्य को धारण कर मोदी जी की गारंटी पर काम करते हुए हम प्रदेश को 'विकसित छत्तीसगढ़' बनाने तैयार हैं।

एक साक्षात्कार में यह कहते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मां कौशल्या की यह पावन धरती रत्नगर्भा है. यह धान का कटोरा कोयला, लौह अयस्क, डोलोमाइट, बॉक्साइट, चूना पत्थर और टिन के भंडार से भरा है। देश के खनिज उत्पादन में छत्तीसगढ़ महतारी का योगदान 21.09 प्रतिशत, लौह अयस्क में 17.61 प्रतिशत, चूना पत्थर में 11.70 प्रतिशत, बॉक्साइट में 3.57%जबकि टिन अयस्क में शत-प्रतिशत है। यहां उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण है। 2030 तक हम 300 मिलियन मतलब लगभग 30 करोड़ टन प्रतिवर्ष स्टील उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। कुछ वर्षों में हम देश के दूसरे सबसे बड़े स्टील उत्पादक राज्य होंगे। इसके बावजूद देश-विदेश में छत्तीसगढ़ को केवल नक्सली प्रभावित राज्य के रूप में पहचान मिलना ठीक नहीं है। यह पहचान हमें बदलना है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के छोटे हिस्से में सिमटी नक्सल समस्या से हमारी डबल इंजन की सरकार मजबूती से लड़

रही है और हम इस के विरुद्ध लड़ाई में कामयाब होंगे। आने वाले 2 वर्षों में छत्तीसगढ़ को नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त करना हमारा लक्ष्य है, जो अवश्य पूरा होगा। श्री साय ने कहा कि यह दुर्भाग्यजनक है कि विपक्ष नक्सल उन्मूलन की राह में रोड़ा बनकर खड़ा हो गया है। कई बार वही कहता है जो नक्सली चाहते हैं। मीडिया हेडलाइंस में आने के लिए विपक्ष कुछ भी बोलने को तैयार खड़ा है, चाहे उससे प्रदेश का कितना भी नुकसान क्यों ना हो।

यह ठीक नहीं है। श्री साय ने कहा कि 'नियद नेल्लानार' जैसी योजना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास का सुखद एहसास करा रही है। यह योजना बेहद सफल रही है। तेंदूपत्ता का 5500 रुपये मूल्य आदिवासी वनवासियों का जीवन सरल करेगा। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। खुद स्व. राजीव गांधी यह स्वीकार कर चुके थे कि उनकी सरकार से जनता के लिए भेजे गए एक रुपये में से पचासी पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। भूपेश बघेल की सरकार ने भी यही किया। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी कांग्रेस सरकार को उनके इन्हीं कर्मों की वजह से जनता ने रसातल में डुबो दिया।श्री साय ने कहा कि जनता और कार्यकर्ता की बदौलत ही आज उन्हें इस जगह से जनता के हितों के लिए काम करने का मौका मिला है। उनकी सरकार छत्तीसगढ़ के बेहतर भविष्य के लिए काम कर रही है। मोदी की कुछ गारंटी पूरी हुई है और बाकी भी पूरी करेंगे। फिलहाल आचार संहिता लागू है। यह समाप्त होते ही सरकार का कामकाज गति पकड़ेगा। श्री साय ने कहा कि 2047 के छत्तीसगढ़ के लिए ठोस कार्य योजना पर काम चल रहा है। विकसित भारत में विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे अच्छी भागीदारी हो, यही उनकी सरकार का लक्ष्य है।

मॉर्निंग वॉक पर निकले पति-पत्नी की ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई,22 मई।नंदिनी थाना क्षेत्र मॉर्निंग वॉक पर निकले पति-पत्नी और नाती ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए. इस हादसे में पति और पत्नी की मौत हो गई है पति-पत्नी की मौत हर दिन की तरह आज मॉर्निंग वॉक में पति-पत्नी और नाती निकले थे इस दौरान अहिवारा बाईपास से एक ट्रैक्टर गुजर रहा था चालक ट्रैक्टर में दो ट्रॉली लेकर जा रहा था तभी पीछे की एक ट्रॉली अचानक खुल गई जिससे पीछे पैदल आ रहे पति-पत्नी इसकी चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई वहीं उनका नाती इस हादसे में बाल-बाल बच गया पुलिस ने बताया कि पति नुमान साहू (55 साल) और पत्नी प्रीतिन साहू (48 साल) की मौत हुई है मृतक नुमान साहू अहिवारा में आशा फोटो स्टूडियों का संचालक था पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम गिरोला में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया. हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बाइक सवार 51 वर्षीय मोतीलाल पात्रे ग्राम पीतौरा का निवासी था. फ़िलहाल मामले की जांच में पुलिस जुट गई है.

नीट परीक्षा प्रश्नपत्र मामला

अभ्यर्थियों की याचिका पर हुई सुनवाई हाईकोर्ट ने एनटीए से मांगा जवाब

बिलासपुर,22 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

नीट के प्रश्न पत्रों का गलत सेट वितरित करने के बाद उसे ठीक कराने में प्रतियोगियों का बहुत समय बर्बाद हुआ. प्रभावित बालोद के विद्यार्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका पेश की. इस मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए एनटीए से जवाब मांगा है. मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार 24 मई को होगी. नीट की परीक्षा शासकीय उमा विद्यालय बालोद में भी आयोजित की गई थी. परीक्षा के दिन दोपहर 2.00 बजे, भारतीय स्टेट बैंक, बालोद से प्राप्त प्रश्न पत्रों का पहला सेट वितरित किया गया था, जो कि सही नहीं था. परीक्षा आयोजित कर रहे केंद्र को जब अपनी गलती का एहसास हुआ, कि गलत प्रश्न पत्र वितरित किया गया है, तो 40-50 मिनट बाद केनरा बैंक, बालोद से प्राप्त प्रश्न पत्रों का एक और सेट फिर से वितरित किया. प्रश्न पत्र के दूसरे सेट में ओएमआर शीट का एक अलग सेट जुड़ा हुआ था जिसे उम्मीदवारों को दोबारा भरना था, जिसमें उम्मीदवारों का समय बर्बाद हो गया. इसे लेकर लिपिका सोनबोइर व अन्य ने एडवोकेट अदिति सिंघवी के जरिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई है. याचिका में बताया गया है, कि अभ्यर्थी प्रश्नपत्र के दूसरे सेट को समय पर हल नहीं कर सके, क्योंकि उन्हें इस गड़बड़ी पर कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया गया.

इसी तरह की घटना राजस्थान में भी हुई थी. जिसमें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने संबंधित केंद्र की दोबारा परीक्षा आयोजित करने के लिए एक सार्वजनिक सूचना जारी की थी. राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए)

की ओर से उपस्थित उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ कुमार पांडेय के अनुरोध पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी ने इस मामले में आवश्यक निर्देश प्राप्त करने के लिए तीन दिन का समय दिया है. मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को रखी गई है. बता दें, कि नीट परीक्षा का परिणाम जून माह के दूसरे सप्ताह में जारी होने की संभावना है. ऐसे में यह याचिका परिणाम को प्रभावित कर सकता है.

उजानी बांध में नाव पलटी, सात लोग लापता

पुणे ,22 मई। महाराष्ट्र के पुणे जिले में उजानी डैम में नाव पलटने से 6 लोग लापता हो गए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की संयुक्त टीमें लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं। हालांकि, नाव में कुल कितने लोग थे, इस बारे में अभी तक कोई अधिकृत जानकारी सामने नहीं आई है। नाव पलटने के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है। बताया गया है कि अचानक आए तूफान और तेज हवा के कारण ये नाव नदी में पलट गई।

एआईटीबीपी के जवान को लगी गोली, हालत नाजुक

■ तरुण छत्तीसगढ़

नारायणपुर,22 मई। जिले से बड़ी खबर सामने आई है. एक एआईटीबीपी के जवान को गोली लगी है. गोली लगने से घायल जवान की हालत नाजुक है. जिसे बेहतर इलाज के लिए चौपर से रायपुर लाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि जवान एक्सीडेंटल फायरिंग में गोली लगने से घायल हुआ है. इस घटना की पुष्टि एडिशनल एसपी राबिंसन गुरिया ने की है. जानकारी के अनुसार नारायणपुर के जेलबाड़ी में एआईटीबीपी 53 बटालियन का जवान तैनात था. इसी दौरान जवान के सर्विस राइफल से एक्सीडेंटल फायर हो गया. जिससे उसके कंधे में गोली लग गई. इस घटना में घायल जवान को तुरंत इलाज के जिला अस्पताल ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सेना के हेलीकाप्टर से रायपुर लाया जा रहा है. घायल जवान का नाम मनीष एम बताया जा रहा है, जो केरला कोल्लम जिला का निवासी है.

बंगाल बना घुसपैठियों का सुरक्षित ठिकाना : अमित शाह

कोलकाता,22 मई.पश्चिम बंगाल के कांथी में जनसभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी की सारी योजनाएं ममता बनर्जी रोक कर बैठी हैं। पीएम आवास योजना के अंतर्गत बिहार में 87 लाख पक्के घर बनें, जबकि बंगाल में सिर्फ 38 लाख घर बन पाए। जल जीवन मिशन से बिहार के 96% घरों में पानी पहुंचा, जबकि बंगाल में सिर्फ 39% घरों तक पानी पहुंचा। बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया है। घुसपैठ का मुद्दा न केवल बंगाल बल्कि पूरे देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। बंगाल में भाजपा की 30 सीटें आते ही, ये टीएमसी खंड-खंड हो जाएगी और ममता दीदी की सरकार की विदाई हो जाएगी। बंगाल में लगातार जनसांख्यिकी बदली जा रही है। ममता दीदी अपने वोट बैंक के लिए देश की सुरक्षा को दांव पर लगा रही हैं। यहां पंचायत के चुनाव हुए, जिनमें 200 से ज्यादा लोग मारे गए। मगर मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस बार आप मत डरना, क्योंकि 5 चरण के चुनाव में ममता के गुंडे किसी का बाल भी बांका नहीं कर पाए। बंगाल में राजनीतिक हिंसा ने यहां के लोकतंत्र को कमजोर कर दिया है। लेकिन मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप डरें नहीं, पिछले 5 चरणों के चुनाव में ममता दीदी के गुंडों की लोगों को छूने की हिम्मत तक नहीं हुई। हमने चुनाव आयोग से चुनाव बाद सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक

बलों के जवानों को तैनात करने का अनुरोध किया है। ममता जी हार से बुरी तरह डरी हुई हैं। कल मुझे यहां पहुंचते ही पता चला कि शुभेंदु दा कर घर पर पुलिस ने रेड की है। ममता दीदी हम भाजपा वाले हैं, आपकी पुलिस से हम नहीं डरते। ये शुभेंदु अधिकारी जी का क्षेत्र है। मैं यहां कहकर जाता हूं कि ममता दीदी इनपर जितना अत्याचार करेगी, भाजपा शुभेंदु जी को उतना ही बड़ा आदमी बनाएगी। घुसपैठिये ममता दीदी का वोट बैंक हैं। ममता दीदी सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ खड़ी हैं क्योंकि वह अपने वोट बैंक से डरती हैं। प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ममता दीदी को भी दिया गया था। लेकिन वो प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या नहीं गईं। वो इसलिए नहीं गईं, क्योंकि वो अपने वोटबैंक से डरती हैं। 70 साल से कांग्रेस और टीएमसी राम मंदिर को रोककर बैठे थे।

राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि : सुको

नई दिल्ली,22 मई। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रतिबंधित आतंकवादी समूह पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कथित तौर पर जुड़े आठ लोगों को मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द करने का आदेश दिया, यह देखने के बाद कि उनके खिलाफआरोप प्रथम दृष्टया सही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अवकाश पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमेशा सर्वोपरि है और किसी भी हिंसक या अहिंसक आतंकवादी कृत्य को प्रतिबंधित किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने आरोपी 8 लोगों की जमानत यह कहते हुए रद्द कर दी कि इस मामले में उत्तरदाताओं को जमानत पर रिहा नहीं करने पर धारा 43डी(5) के तहत गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) का आदेश लागू होगा। शीर्ष अदालत ने अपराध की गंभीरता और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय के आदेश को पलट दिया। पीठ ने जमानत खारिज करते हुए कहा कि एजेंसी द्वारा हमारे सामने रखी गई सामग्री के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला बनता है। शीर्ष अदालत ने त्वरित सुनवाई का निर्देश दिया और आगे कहा कि चूंकि आरोपी की हिरासत की अवधि केवल 1.5 साल थी और जांच के दौरान प्रथम दृष्टया सामग्री एकत्र की गई थी, इसलिए जमानत देने के उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार नहीं रखा जा सकता है। अक्टूबर 2023 में मद्रास उच्च न्यायालय ने उन 8 लोगों को जमानत दे दी थी जो कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पीएफआई के पदाधिकारी, सदस्य और कैडर थे और उन पर भारत के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी कृत्यों की साजिश रचने के लिए यूएपीए के तहत आरोप लगाए गए थे।



इजरायल को करारा झटका, स्पेन समेत तीन देशों ने फिलिस्तीन को दी मान्यता

नई दिल्ली,22 मई। गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला बोल रहे इजरायल को करारा झटका लगा है। नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन जैसे तीन देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है। नॉर्वे के पीएम जोनास गार स्टोर ने कहा कि इजरायल के हित में भी यही है कि टू-स्टेट सॉलूशन हो जाए। इसका अर्थ यह है कि इजरायल को भी एक देश के तौर पर मान्यता मिले और ऐसे ही गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक में बंटे फिलिस्तीन को भी एक देश मान लिया जाए। इससे विवाद खत्म हो जाएगा और पश्चिम एशिया में शांति स्थापित होगी। नॉर्वे के पीएम के बयान के बाद अब स्पेन और आयरलैंड ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं।नॉर्वे के पीएम का कहना है कि हम 28 मई को फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम फिलिस्तीन को मान्यता नहीं देंगे तो फिर मध्य पूर्व में शांति नहीं आएगी। नॉर्वे के ऐलान के तुरंत बाद आयरलैंड के पीएम सिमॉन हैरिस ने कहा कि उनका देश भी फिलिस्तीन को मान्यता देगा। हैरिस ने मीडिया से बातचीत में कहा, आज आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन ने फिलिस्तीन को मान्यता देने का फैसला लिया है। हम सभी यह देखेंगे कि फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए कौन से कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें भरोसा है कि कुछ और देश हमारे साथ आएंगे और इजरायल को मान्यता दी जाएगी। अगले कुछ सप्ताह में ही महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सैंचेज ने बुधवार को कहा कि हमारी कैबिनेट की मीटिंग 28 मई को होगी। इस दिन हम फिलिस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता देने का प्रस्ताव पारित करेंगे।

सुपेबेड़ा में किडनी रोगियों को निःशुल्क इलाज के अलावा मिलेगा सर्पोटिव किट

गरियाबंद,22 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

सुपेबेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा विभाग ने कैंप का आयोजन किया है. ब्लॉक के अफसरों ने सीएमएचओ गार्गी यदु के निर्देश पर आज सुपेबेड़ा पहुंच वहा के 7 मरीजों को यह कीट भेंट किया. इस सपोटिक कीट में मरीज को सहायता करने वाली 8 प्रकार से ज्यादा सामग्री मौजूद हैं. जिसमें प्रोटीन सिरप, विटामिन केप्सुल, ओटोमेटिक बीपी जांच मशीन, एसिडिटी कम करने के सीरप, दर्द मिटाने के लिए जैल ट्यूब जैसे महत्वपूर्ण चीजे शामिल है. सीएमएचओ ने कहा कि ग्राम में सीकेडी के लक्षण के 40 से ज्यादा लोग हैं. प्राथमिकता के आधार पर सभी जरूरतमंदों को यह कीट निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है.सीएमएचओ गार्गी यदु माह भर पहले जब गांव का दौरा किया था तब उपचार करा रहे किडनी मरीजों ने बताया था कि उन्हें उपचार के साथ साथ अन्य सपोटीव चीजों की जरूरत होती है. हाल ही में कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी सुपेबेड़ा होकर लौटे थे. उनके सामने भी पीड़ितों ने अपनी मांगे दोहराई थी. प्रशासनिक प्रमुख ने सीएमएचओ की सपोटीव किट वितरण की योजना को हरी झंडी दे दिया.

किडनी रोगियों के डायलिसिस में असुविधा न आए और पृथक से उन्हे ध्यान रखने जिला मुख्यालय में किडनी यूनिट सुपेबेड़ा स्पेशल वार्ड बनाया गया है. गार्गी यदु ने कहा कि कलेक्टर सर के निर्देश पर कार्य प्रगति में है. इस वार्ड में 4 डायलिसीएस यूनिट के अलवा हेपेटाइटिस या अन्य रोग से ग्रसित किडनी रोगी के लिए एक पृथक डायलिसस यूनिट बनाया जा रहा है. वार्ड पुरी तरह वाता नुकुलित होगा. देखरेख के लिए पृथक स्टाफ भी मौजूद रहेंगे. रेफर मरीजों को पूरी सुविधा मिले उसके लिए राजधानी के अस्पताल में जल्द ही अनुबंध किया जाना है.

हरियाणा सरकार रोक रही दिल्ली का पानी

नई दिल्ली,22 मई। आम आदमी पार्टी विधायक और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने 25 मई के लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा से दिल्ली को होने वाली यमुना जल आपूर्ति रोक दी है। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷भाजपा अब चुनाव से पहले पानी की आपूर्ति रोककर दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए हरियाणा में अपनी सरकार का इस्तेमाल कर रही है।÷ आतिशी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में उन इलाकों से पानी की कमी की शिकायतें मिली है, जहां कभी पानी की कमी नहीं हुई। दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि मामले की जांच करने पर हमने पाया कि हरियाणा सरकार यमुना जल आपूर्ति रोक रही है। वजीराबाद में यमुना का जलस्तर 674 फीट है। अपने न्यूनतम स्तर पर, यह 672 फीट पर बहती है। हालाँकि, 11 मई के बाद से जल स्तर कम होता जा रहा है। 11 मई से तीन दिनों तक यह 671.6 पर चला गया। 14-15 मई को यह बढ़कर 671.9 हो गया... 21 मई को इतिहास में पहली बार जलस्तर 670 फीट से नीचे चला गया। यह 670.9 था। आतिशी ने आरोप लगाया कि यह सिर्फ पानी की कमी पैदा करने और अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से कहना चाहती हूं कि बीजेपी लोगों को भड़काने के लिए 25 मई तक ऐसी साजिशें रचेगी। लेकिन मैं भाजपा को चेतावनी देना चाहती हूं कि अब कोई भी साजिश काम नहीं करेगी क्योंकि लोगों ने दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें आम आदमी पार्टी को देने का मन बना लिया है। ये आरोप ऐसे समय में आए हैं जब आप दिल्ली शराब घोटाले और अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार द्वारा पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल पर हमले के कथित मामलों को लेकर गहरी मुसीबत में है। शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल फिलहाल 1 जून तक जमानत पर बाहर हैं।

मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए आतिशी ने बुधवार को आगे कहा कि दिल्ली सरकार हरियाणा सरकार को लिखेगी और जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट भी जाएगी। यह स्पष्ट है कि यह कदम दिल्ली में लोकसभा चुनावों से ठीक पहले राजनीति से प्रेरित है। इससे दिल्ली के कई हिस्से प्रभावित हो रहे हैं। आतिशी ने कहा कि I.N.D.I.A ब्लॉक 4 जून को सत्ता में आएगा और चुनावी बांड घोटाले की गहन जांच की जाएगी। आतिशी ने कहा, बीजेपी का अंत करीब है। अब देश की जनता ने मन बना लिया है। 4 जून के बाद जब I.N.D.I.A ब्लॉक की सरकार बनेगी तो देश के सबसे बड़े चुनावी बॉन्ड घोटाले की जांच होगी, जिसमें बीजेपी ही नहीं नेता जेल जाएंगे लेकिन प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो और आयकर के अधिकारियों को भी उनकी संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया जाएगा।

कोलकाता के एक फ्लैट में मृत पाए गए बांग्लादेश के सांसद

कोलकाता,22 मई। बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की मौत की पुष्टि कर दी गई है. बांग्लादेश के गृहमंत्री ने उनकी मौत की पुष्टि की है. वह अपना इलाज कराने भारत आए थे और बीते कुछ दिनों से लापता थे. उनकी तलाश के लिए इससे पहले सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था.बांग्लादेश के गृहमंत्री ने बताया कि कोलकाता पुलिस ने अनवारुल की मौत की पुष्टि की है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तीन बार के सांसद अनवारुल कोलकाता में एक फ्लैट में मृत पाए गए, जहां वह किसी से मिलने गए थे. बता दें कि अजीम 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे. तभी से उनके परिवार से उनका संपर्क नहीं हो पा रहा था. उनका फोन भी 14 मई से स्विच ऑफ था. उत्तरी कोलकाता के बर्नानगर पुलिस स्टेशन की जनरल डायरी में 18 मई को बांग्लादेश के सांसद के लापता होने की सूचना दर्ज है.

एक नजर

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

भिलाई, 22 मई। भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र एक बाइक सवार को टक्कर मार दी हादसा इतना भीषण था कि बाइक में सवार साले शीतल यादव की मौत हो गई जब कि जीजा मानिकचंद यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है कुम्हारी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि मंदिर हसौद ग्राम खुटेरी निवासी शीतल यादव का कोई रिश्तेदार बीमार था उसे देखने के लिए शीतल यादव बाइक में अपने जीजा मानिकचंद यादव के साथ भिलाई आ रहा था तभी कांजी हाउस के पास अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारकर फरार हो गया पुलिस पहुंची दोनों घायलों को गंभीर हालत में कुम्हारी शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां शीतल यादव को मृत घोषित कर दिया गया वहीं, मानिकचंद यादव को रायपुर रेफर किया गया है कुम्हारी पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला अस्पताल भेज दिया है आरोपी ट्रक चालक की तलाश में टूटी है पुलिस।

शेयर मार्केट के नाम पर लाखों की ठगी

भिलाई, 22 मई। भिलाई शेयर मार्केट में निवेश करने पर दोगुना का झांसा देकर 56 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी श्रेयांश जैन को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया उसे कोर्ट में पेश किया गया न्यायिक रिमांड पर उसे जेल भेजा गया आरोपी की एक दिन की पुलिस रिमांड लिया था सुपेला पुलिस ने बताया कि मामले की शिकायत स्टील कालोनी निवासी समाज सेविका गुरमीत धनई ने की थी आरोपी शेयर मार्केट में इनवेस्ट करने पर दोगुना लाभ का झांसा दिया उसके झासे में आकर गुरमीत ने अपनी बचत और कर्ज लेकर 56 लाख रुपए उसे दिया आरोपी पूरी रकम गबन कर गया पुलिस ने बताया कि आरोपी श्रेयांश जैन के खिलाफ कोरबा रायपुर समेत अन्य जिले में शिकायत की गई है प्राथमिक जांच में करीब 25 लोगों को शेयर मार्केट में इनवेस्ट कराया है दोगुना रकम देने की लालच देकर लाखों रुपए की चपत लगाया है।

चाकूबाज़ी, लूटपाट, तीन गिरफ्तार

भिलाई, 22 मई। भिलाई छावनी पुलिस ने चाकूबाजी और लूटपाट के तीन आरोपियों का सिर मुंडवाकर जुलूस निकाला। तीनों को पावर हाउस चौक और जवाहर मार्केट ले जाया गया, जहां तीनों को अपराध करना पाप है के नारे लगवाते हुए घुमाया गया छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर जोन 03 खुर्सीपार निवासी धनराज निर्मलकर (19 वर्ष), स्वीपर मोहल्ला खुर्सीपार एस. विनय उर्फ बल्लू (19 वर्ष) और मीनी माता नगर खुर्सीपार निवासी बी. सीमर राव (19वर्ष) को शिवालय खुर्सीपार से दबोच लिया। पूछताछ में तीनों ने सोमवार सुबह के समय पैदल जा रहे व्यक्ति से पैसा मांगे तो नहीं देने पर उस पर चाकू से हमला करने की बात स्वीकार की। इस पर तीनों को पुलिस ने धारा 294, 506बी, 327, 34 एवं 25, 25 आर्म्स एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरोपी इस प्रकार की वारदात दोबारा न करें इसके लिए क्षेत्र में उनका जुलूस निकाला गया। आरोपी नशा करने के लिए लोगों को रोककर चाकू की आड़ में लूटपाट करते थे। आरोपियों के कब्जे से भिलाई-3 थाना में चुराई गई बुलेट को भी बरामद कर लिया गया है और चोरी के पैसों को खर्च करना बताया

हादसे में बाइक सवारी की मौत

भिलाई, 22 मई । भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम गिरहोला में एक बाइक सवार अधेड़ खड़ी बाइक से टकरा गया उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई नंदिनी पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि ग्राम पिटौरा निवासी मोतीलाल पात्रे (55) बाइक से गिरहोला की तरफ जा रहा था रास्ते में वो एक खड़ी ट्रक को नहीं देख सका और ट्रक के पीछे जाकर टकरा गया। पुलिस ने शव को चीरघर में रखवा दिया है और मामले की जांच शुरू की है ।

अवैध प्लाटिंग करने वालों पर नगर निगम ने की कार्रवाई

भिलाई, 22 मई । नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहका में खसरा क्रमांक 716 के 3 एकड़ भूमि पर किये जा रहे अवैध प्लाटिंग पर निगम प्रशासन एवं पुलिस बल की टीम ने कार्यवाही कर निर्माण किये गये अवैध बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त कर भूमि को मूल स्वरूप प्रदान किया। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर तहसीलदार गुरुदत्त पंच भाई, राजस्व अमला एवं पुलिस बल की संयुक्त टी ने कार्यवाही करते हुए ग्राम कोहका के खसरा नं. 716 के 3 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बनाये गये बाउण्ड्रीवाल को जे.सी.बी के से गिराया गया। निगम को शिकायत प्राप्त हुआ था कि ग्राम कोहका के खसरा नं. 716/1 के तीन एकड़ भूमि पर बिना अनुमति के शिव बिहार कालोनी के नाम पर नई कालोनी बनायी जा रही है, जहाँ स्थित प्लाट पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। सूचना पर आयुक्त ने भवन शाखा तथा जोन-1 के राजस्व विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिये थे। संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और वहां मुरूम डालकर बनाये गये बाउण्ड्रीवाल को जे.सी.बी. से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही में भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उपअभियंता सिद्धार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, निगम का तोड़फोड़ दस्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम भिलाई प्लाट खरीदने वाले हितग्राहियों से यह अपील करती है कि निगम क्षेत्र में भूमि क्रय करने के पूर्व अवैध प्लाटिंग के संबंध में दस्तावेज दिखाकर के. आर. कृष्ण वर्मा मोबाईल नम्बर 91-8770060356 से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

भावना ने कुकदुर हादसे में मृत लोगों के बच्चों को लिया गोद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 22 मई। सोमवार को पंडरिया के वनांचल क्षेत्र कुकदुर के ग्राम बाहपानी में हुए भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 19 आदिवासियों के परिवार के बच्चों को विधायक भावना बोहरा ने गोद लेने की घोषणा की है। विधायक भावना बोहरा ने आज मृतकों के परिवारजनों से उनके निवास जाकर भेंट किया और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान भावना बोहरा बहुत ही भावुक दिखीं उन्हें देखकर हताहत परिवारजनों ने भी गले लगाकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।

भावना बोहरा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद व पीड़ादायक घटना है। जब परिवार का एक सदस्य जाता है तो पीड़ा होती है और उसकी कमी कभी पूरी नही हो सकती। विगत वर्षों में कुकदुर क्षेत्र के आदिवासी भाई-बहनों ने हमेशा ही मुझे एक परिवार की भांति स्नेह व सहयोग दिया है। आज यहां इस दुख की घड़ी में, मैं उन सभी परिवारजनों के साथ हूँ इसलिए हमने निर्णय लिया है कि इस हादसे में जिन बच्चों के सिर से परिजनों का साया उठ गया हैं, जिनके माता-पिता ने इस हादसे में अपनी जान गंवाई है उनके परिजन की भूमिका हम निभाएंगे।भावना बोहरा ने बताया कि हादसे में दिवंगत हुए 19 लोगों के कराीब 24 बेटा-बेटियों के आगे की शिक्षा, उनके रोजगार एवं विवाह तक कि सारी जिम्मेदारी वे स्वयं अपने भावना समाजसेवी संस्थान के माध्यम से उठाएंगी। पंडरिया विधानसभा मेरा परिवार है और जब परिवार पर विपदा आती है तो उनके दुख में उनके साथ रहना मेरी जिम्मेदारी भी है और कर्तव्य भी। मैं उनके परिजनों की कमी तो पूरी नही कर सकती लेकिन उनके सुरक्षित भविष्य के लिए प्रयास जरूर कर सकती हूं इसलिए हमने यह निर्णय लिया है। विदित हो कि घटना होने के दिन विधायक भावना बोहरा झारखंड प्रवास पर थीं। उन्हें जैसे ही घटना की जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने तत्काल अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया और लगातार पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क में थी व पूरे घटनाक्रम और राहत कार्य की जानकारी प्राप्त कर रही थी। उन्होंने अपने जनप्रतिनिधियों के माध्यम से तुरंत ही हादसे में हताहत परिवारजनों से संपर्क कर उन्हें अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता भी की। वे तत्काल छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुईं और आज हताहत परिवारजनों के निवास पहुंचकर उनसे भेंट किया एवं संवेदनाएं व्यक्त की।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जोराताल पहुंचकर सड़क हादसे में मृत पुलिस जवान को दी श्रद्धांजलि

कवर्धा,22 मई। उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा क्षेत्र के ग्राम जोरातल पहुंचकर दिवंगत पुलिस जवान नेतराम सिंह धुर्वे को श्रद्धांजलि अर्पित की। पांडातराई थाना में पदस्थ आरक्षक नेतराम सिंह धुर्वे की बीती रात सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, जब वे ड्यूटी कर कवर्धा लौट रहे थे। उप-मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने श्री धुर्वे के परिवार जनों के बीच पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की। ज्ञात हो कि सोमवार रात कवर्धा के पास सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस जवानों के साथ एक ही स्थान पर एक के बाद एक तीन एक्सीडेंट हुए। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी के अनुसार पांडातराई थाना में पदस्थ आरक्षक नेतराम धुर्वे ड्यूटी कर वापस कवर्धा लौट रहे थे तभी एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। उनके एक्सीडेंट की सूचना पर सिटी कोतवाली से पुलिस टीम मदद के लिए पहुंची, लेकिन तेज बारिश के कारण उन्हें कुछ दिखाई नहीं दिया और कोतवाली पुलिस की गाड़ी भी ट्रक से टकरा गई। इसके बाद डायल 112 वाहन मौके पर पहुंचा, उसमें सवार पुलिस के जवान गाड़ी से नीचे उतरते उससे पहले ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से ठोक दिया। इस तरह उसी स्थान पर एक के बाद एक तीन दुर्घनाओं में आरक्षक नेतराम धुर्वे की मृत्यु हो गई तथा एएसआई कौशल साहू, विजय कश्यप और डायल 112 के आरक्षक व ड्राइवर घायल हो गए।

ग्राम खोपली के होनहार विद्यार्थी खुशी गजेंद्र और सोहन यादव का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 22 मई। ग्राम के होनहार विद्यार्थी ने अभावों और अपनी लगन से पढ़ाईकर छग बोर्ड परीक्षा 12 वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमे कु खुशी गजेंद्र कॉमर्स में 91.8त्न सोहन यादव गणित में 90.8त्न लाकर अपने माता पिता विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया ऐसे प्रतिभा धनी से कायल होकर ग्रामीणजन बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान किया ताकि आने वाले बच्चो का मार्ग दर्शन होवे जिसमे गांव के प्रबुद्ध नागरिक श्री युवराज साहू द्वारा 5000 रुपए प्रत्येक को शिक्षा विद श्री दिनेश बघेल व्याख्याता द्वारा 5000 रुपए प्रत्येक को श्री देवेन्द्र बंछोर व्याख्याता सिरसकला द्वारा प्रत्येक को 2500 रुपए श्री शुभम वर्मा उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा द्वारा प्रत्येक को 2500 रुपए तथा श्री प्रकाश नारायण बघेल व्याख्याता सिरसाकला द्वारा प्रत्येक बच्चे को 1000 रुपए प्रदान किया और आगे पढ़ने में सहयोग रहे आनेवाले दिनों में बच्चे सीख लेकर भविष्य सुंदर बनाए इस सम्मान समारोह में राज्यपाल पुरुष्कार से सम्मानित शिक्षक श्री श्रवण कुमार यादव नेवई , रमेश कुमार बारले व्याख्याता, गोरे लाल साहू व्याख्याता, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री फतेलाल वर्मा सरपंच श्रीमती मंजू वर्मा,स्नह चेलाराम साहू पुरेंद्र वर्मा बच्चे के माता पिता चेलाराम यादव राजकुमार गजेंद्र सुरुचि गजेंद्र गंगा गजेंद्र राजू साहू ग्राम पंचायत के सचिव श्री पुराणिक साहू पंकज भारती चुम्मन चंद्राकर और पंचगण गोव के गणमान्य नागरिक और सभी ग्रामीणजन अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चो को उत्साहवर्धन किया और उज्जवल भविष्य की बहुत बहुत बधाई देते हुए शुकमाना दिए ।

भिलाई, 22 मई। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोसानगर में 15 से 24 मई तक समर कैंप का आयोजन चल रहा है, जहाँ स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अनिल शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं में कंप्यूटर, योग, मेहंदी, लेखन आदि से लेकर व्यक्तित्व विकास के अनेक महत्वाकांक्षी विषयों पर प्रतिदिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विद्यार्थियों में इस समर कैंप को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

नॉन फाइनेंशियल मोटिवेशनल स्कीम के उपहार बांटे

भिलाई, 22 मई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने, वित्त वर्ष 2023-24 के चौथी तिमाही के लिए निर्धारित उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने और शानदार प्रदर्शन करने पर, इसकी सराहना हेतु नॉन फाइनेंशियल मोटिवेशनल स्कीम (एनएफएमएस) के तहत, एक उपहार वितरण समारोह का आयोजन किया। इसका उद्घाटन 21 मई 2024 को सीओ एंड सीसीडी के कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसीडी) तरूण कनरार द्वारा किया गया। यह उपहार वितरण कार्यक्रम 21 मई 2024 से शुरू होकर अगले 7 दिनों तक चलेगा। मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार ने इस कार्यक्रम में, विभाग के 1114 कर्मचारियों को एनएफएमएस उपहारों के वितरण का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर, महाप्रबंधक समीर रॉय चौधरी, महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक बिरजू पासवान और महाप्रबंधक झगर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

नेहरू आर्ट गैलरी में डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन

भिलाई, 22 मई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में श्रीमती चुमकी साहा एवं स्वर्गीय सुब्रत देव बर्मन द्वारा संग्रहित डाक टिकट की युगल प्रदर्शनी का उद्घाटन 20 मई को मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार द्वारा किया गया। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में 25 से अधिक देशों के विभिन्न प्रकार के टिकटों का एक विशाल संग्रह प्रदर्शित किया गया है। मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार ने श्रीमती चुमकी साहा तथा बीएसपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। तपन कुमार, अपनी पत्नी और अपनी बेटी के साथ इस प्रदर्शनी में शामिल हुए। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सम्पर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क) जेकब कुरियन, महाप्रबंधक (जनसंपर्क) प्रशान्त तिवारी, सामग्री प्रबंधन और जनसंपर्क विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित आर्ट क्लब के सदस्य, भिलाई के नागरिक और बड़ी संख्या में डाक टिकट संग्रहकर्ता भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शित स्टांप संग्रह में गहरी दिलचस्पी ली और

श्रीमती चुमकी साहा के साथ इस प्रदर्शनी से सम्बन्धित बातचीत की। श्रीमती चुमकी साहा भिलाई की रहने वाली हैं और इनके माता-पिता दोनों बीएसपी में ही कार्यरत थे। अपने माता-पिता से ही इन्हें टिकट संग्रह का शौक विरासत में मिला। 50 देशों के 5000 से अधिक टिकटों के संग्रह के साथ, उन्होंने एक विविध और व्यापक वर्ग तैयार किया है। इनमें 1000 से अधिक टिकटों के साथ भारत एक विशेष स्थान पर है, उसके बाद जर्मनी और यूएसएसआर का स्थान आता है। नेहरू आर्ट गैलरी में यह तीन दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी 22 मई तक हर दिन शाम 5.30 बजे से रात 8.30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी।

ग्राम अमलीडीह में बनेगा गुरुकुल,तैयारी शुरू,13 जून को रखी जाएगी आधारशिला

पाटन, 22 जून। राजधानी रायपुर से लगे पाटन ब्लॉक के ग्राम अमलीडीह में श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल शिक्षा के साथ साथ बच्चो को संस्कारवान बनाना, पर्सनालिटी डेवलपमेंट के साथ खेल के लिए क्षेत्र में जल्द ही एक नई पहचान बनाने वाली है। एक विशाल प्रांगण में गुरुकुल की स्थापना की तैयारी जोरों से चल रही है। जिसका विधिवत शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार , पूजा अर्चना के साथ 13 जून 2024 को होगा। इस गुरुकुल में नर्सरी क्लास से कक्षा बारहवी तक का सीबीएससी कोर्स संचालित किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री स्वामी नारायण सेवा समिति द्वारा अमलीडीह में की श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल रायपुर का संचालन किए जाने निर्णय लिया गया है। इसकी आधारशिला 13 जून की रखी जाएगी। इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सद शास्त्री श्री घनश्याम प्रकाश दास जी और सद शास्त्री श्री कृष्ण वल्लभ दास जी ने बताया की बच्चो को अच्छी शिक्षा के अच्छी संस्कार देना ही गुरुकुल की प्राथमिकता रहेगी। शिक्षा के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर के खेल की सुविधा भीं प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया की आज शिक्षा के साथ साथ अच्छे संस्कार बच्चो के देना जरूरी होता का रहा है उसी को ध्यान में रखते हुए भगवत गीता का अध्ययन कराने विशेष क्लास भी लगाई जाएगी। इस संस्था से जुड़े हर्षद पटेल, लोकमणि चंद्राकर, प्रकाश चंद्रकार ने बताया की आज बच्चे पढ़ाई में इतने व्यस्त हो जा रहे है की उसे अपनी अन्य प्रतिभा जैसे खेल, संस्कृति, बौद्धिक क्षमता दिखाने का अवसर ही नही मिलता। श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल इन विषयों पर भी विशेष फोकस करेगा। संस्था का उद्देश्य बच्चो का सर्वांगीण विकास कराना है।

सद शास्त्री श्री घनश्याम प्रकाश दास शास्त्री ने आगे बताया की भारतीय तपोकालीन संस्कृति, सम्पूर्ण विश्व के लिए सदैव आदरणीय एवं वंदनीय रही है। इसका एक

मात्र कारण यह है कि भारत में प्राचीनकाल से जो शिक्षा दी जाती है, वह गुरुकुलों से प्राप्त होती है । भगवान श्रीराम से लेकर सभी राजा-महाराजाओं ने गुरुकुलों में रहकर ही शिक्षा प्राप्त की है। हमारे ऋषि-मुनियों ने गुरुकुल के द्वारा ही संस्कार और शिक्षा को आज तक जीवित रखा है। एक समय ऐसा भी था कि गुरुकुल में दी जानेवाली शिक्षा से भारत वर्ष विश्वगुरु के नाम से जाना जाता था । देश का विकास और उन्नति तब ही हो सकती है जब शिक्षा व्यवस्था सही हो । हमारे भारत में गुरुकुल परंपरा सबसे पुरानी शिक्षा देने की व्यवस्था है। गुरुकुल की परंपरा से यह आधुनिक समाज संस्कार, संस्कृति, शिष्टाचार, सामाजिक जागरूकता, मौलिक व्यक्तित्व, बौद्धिक विकास और सभ्यता जैसे अमूल्य गुणों को अपनी आनेवाली सैकड़ो पिढ़ियों को विरासत में दे सकता है । गुरुकुल से जुड़े सभी लोग आगामी 13 जून को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी में जुट गए है।

बुद्ध पूर्णिमा पर पशुवध गृह एवं मांस विक्रय केन्द्र रहेंगे बंद

भिलाई, 22 मई। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें 23 मई दिन गुरूवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बंद रखी जावेंगी।

जो अलग-अलग दे रहे हैं उनका थैंक्स :मोनिका वर्मा

रिसाली। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने उस अपार्टमेंट के पदाधिकारियों को थैंक्स कहा जो गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर दे रहे हैं। वहीं कुछ पदाधिकारियों को सीख लेने की हिदायत दी। उन्होंने मंगलवार को नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में बने अपार्टमेंट सोसायटी के पदाधिकारियों की बैठक ली। आयुक्त मोनिका वर्मा ने लगभग 20 दिनों की समझाइश के बाद भी गीला और सूखा मिक्स कचरा देने वाले चिन्हित अपार्टमेंट के पदाधिकारियों को चर्चा पै बुलाया। उन्होंने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कचरा अलग-अलग नहीं देते है तो निगम कर्मी कचरा नहीं उठाएंगे। कचरा नाली व खुले स्थान में फेंकते पाए गए तो एक्ट के तहत जुर्माना कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अपार्टमेंट में बने सोसायटी के पदाधिकारियों का कहना था कि गर्मी में ग्राउंड वाटर लेवल नीचे चला गया है। पानी की तकलीफ हो रही है। आयुक्त ने कहा कि जिस अपार्टमेंट में पानी की कमी है वहां निगम टैंकर से पेयजल आपूर्ति करेगा।

विभागीय परीक्षा का आयोजन 5 अगस्त से 13 अगस्त तक

दुर्ग, 22 मई । छत्तीसगढ़ शासन विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए (जिनके लिए विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा का आयोजन 05 अगस्त से 13 अगस्त 2024 तक किया गया है।दुर्ग संभाग के आयुक्त श्री एस. एन. राठौर ने सभी कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में संबंधित जिले से विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक अधिकारियों व कर्मचारियों (राजस्व निरीक्षक/पटवारी को छोड़कर) का आवेदन पत्र विषयवार प्राप्त कर परीक्षण उपरांत 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से जमा करने के निर्देश दिए हैं। ताकि विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु इच्छुक आवेदकों के विषयवार प्रश्न पत्रों की मांग छत्तीसगढ़ शासन गृह सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) मंत्रालय महानदी नवा रायपुर अटल नगर से किया जा सके।

एक नजर

मुरुम के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई

डोंगरगढ़ 22 मई। डोंगरगढ़ से 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत शिवपुरी में एबीस कंपनी की जमीन से अवैध मुरुम उत्खनन की शिकायत के बाद कार्यवाही का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि एबीस कंपनी के द्वारा तीसरे नए प्लांट का निर्माण किया जा रहा है व नए प्लांट में भराई के लिए लगभग ढाई किलोमीटर पहले ही कंपनी की जमीन से लगभग एक एकड़ जमीन से धरती का सीना चिरकर जेसीबी मशीन से 5 फीट खोद कर मुरुम निकाल कर नवीन प्लांट के लिए हाइवा गाड़ी की मदद से सैकड़ो ट्रिप मुरुम का परिवहन किया जा रहा था। जिसकी लिखित शिकायत सरपंच व ग्रामीणों के माध्यम से लगभग एक एकड़ जमीन से धरती का सीना चिरकर जेसीबी मशीन से 5 फीट खोद कर मुरुम निकाल कर नवीन प्लांट के लिए हाइवा गाड़ी की मदद से सैकड़ो ट्रिप मुरुम का परिवहन किया जा रहा था। जिसकी लिखित शिकायत सरपंच व ग्रामीणों के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजव व तहसीलदार को दी गई। शिकायत के बाद 21 मई को राजस्व अमला टीम के साथ मौका स्थल पर पहुंची व जमीन से जेसीबी मशीन के द्वारा खुदाई की जा रही थी हालाँकि परिवहन करने वाले हाईवा वाहन को पकड़ने में सफलता हाथ नहीं लगी परंतु जेसीबी मशीन की जप्ती बना थाने को सुपुर्द किया गया है। जानकारों कि माने तो राजस्व अमला के द्वारा जेसीबी मशीन की जप्ती बनाई गई है परंतु कार्यवाही माइनिंग विभाग करेगा व बिना परमिशन जमीन की खुदाई व परिवहन पर ठोस कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूला जा सकता है। पुलिस से जेसीबी की जप्ती व कार्यवाही के सम्बन्ध में पूछने पर जानकारी नहीं होने की बात सामने आई वहीं दूसरी ओर जिले के माइनिंग इंस्पेक्टर श्री बंजारे से दूरभाष नंबर 7697400326 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने संपर्क किया गया पर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

निगम ने की संपत्ति विरूपण कार्रवाई

रायपुर 22 मई। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार प्राप्त जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने नगर निवेश मुख्यालय उडनदस्ता द्वारा जोन 2 नगर निवेश विभाग सहित जोन 2 के तहत शहीद हेमूकालाणी वार्ड क्रमांक 28 के देवेन्द्र नगर क्षेत्र में शासकीय खंभों पर अपने कोचिंग संस्थान का प्रचार करने हेतु अवैध रूप से पोस्टर लगाये जाने की जनशिकायत सही मिलने पर संबंधित कोचिंग सेंटर आरएमपी कोचिंग क्लासेस टैगोर नगर और लीप जीबी तेलीबांधा पर क्रमशः 3000 रू. एवं 2000 रू. का अर्थदण्ड संपत्ति विरूपण की कार्यवाही करते हुए आरोपित किया गया एवं संबंधित कोचिंग सेंटर के संचालकों को भविष्य में शासकीय खंभों में किसी प्रकार का बैनर पोस्टर नहीं लगाने की कडी समझाईश दी गई एवं प्राप्त जनशिकायत का नगर निवेश एवं जोन 2 द्वारा त्वरित निदान किया गया।

निगम ने बिल्डरों को जारी की नोटिस

रायपुर 22 मई। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनो के नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अपने -अपने जोन क्षेत्र में आवासीय क्षेत्रों में निरंतर रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन 8 जोन कमिश्नर श्री अरूण ध्रुव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता श्री ईश्वर लाल टाक्रे, उपअभियंता श्री अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में जोन 8 के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों के बिल्डरों के आवासीय परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का स्थल निरीक्षण किया । निरीक्षण उपरांत जोन 8 जोन कमिश्नर ने जोन नगर निवेश विभाग की ओर से वालफोर्ट एलेन्सिया सरोना, पार्थिवी प्राविन्स सरोना, मारूति लाइफ स्टाइल कोटा मार्ग के प्रबंधकों को उनके आवासीय परिसरो में स्थापित रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का रखरखाव नहीं किये जाने पर नोटिस जारी कर रखरखाव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने एवं जोन 8 नगर निवेश विभाग को प्रणाली की चलित एवं व्यवस्थित फोटोग्राफ भेजकर सूचित करने के निर्देश दिये है, अन्यथा की स्थिति में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रणाली का रखरखाव नहीं होने पर प्रति वर्ष भूखण्ड क्षेत्रफल पर प्रति 100 वर्ग मीटर पर 1000 रू. की दर से वार्षिक सास्ती आरोपित करते हुए नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है।

कलेक्टर ने की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा

मोहला 24 मई। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिलाधिकारीयों की समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों का लाभ अनिवार्य रूप से मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपने स्तर पर स्व मूल्यांकन और समीक्षा करते हुए विशेष कार्य योजना निर्धारित करें। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय अवधि में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में शिक्षा विभाग को स्कूल और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और अपने जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। स्वछता जागरूकता कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता के प्रति सहज समझ पैदा करने कहा गया है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए स्वच्छ और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं।

जल की जरूरत को ध्यान में रखते हुए जल जागरूकता आवश्यक: कलेक्टर

जल संरक्षण के लिए जिले में किए जा रहे बेहतरीन कार्य

राजनांदगांव 22 मई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जिले में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जल का संरक्षण करना जरूरी एवं प्रासंगिक है। आने वाले समय में जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल जागरूकता आवश्यक है। जिले में राजनांदगांव, डोंगरगांव तथा डोंगरगढ़ क्षेत्र में भू-जल के स्तर में कमी आयी है। 70 से 90 प्रतिशत पानी का दोहन कर लिया गया है। जिले में 42 हजार मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चल रहे हैं। विशेषकर धान की फसल में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसी गति से भू-जल स्तर में कमी आने पर भविष्य में दिक्कत हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चलाने से लो-वोल्टेज की समस्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसी फसलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जिनमें कम पानी की जरूरत होती है। इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि सिंचाई के लिए सरफेस वाटर का उपयोग करना है। ग्रॉस ग्राऊंड वाटर का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने ऐसे गांवों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए जहां जल के स्तर में ज्यादा कमी

आयी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में मोटर पंप तथा ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए पहाड़ों में वाटर रिचार्ज करने के लिए परकोलेशन टैंक बनाए गए हैं, जिसके भविष्य में अच्छे परिणाम मिलेंगे। उन्होंने सभी विभागों को इस कार्य में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जल संरक्षण के लिए बनाए गई संरचना से मिट्टी का कटाव भी रूकेगा। पौधरोपण करने के साथ ही जल संरक्षण के उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डीएमएफ अंतर्गत प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रस्ताव बनाए जिससे जनसामान्य लाभान्वित हो और इसका परिणाम दिखना चाहिए। सभी अधिकारी प्रतिबद्धतापूर्वक इसके लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि कृषि अंतर्गत मक्का की फसल को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएगे। ऐसा होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाएं, जो अनाधिकृत रूप से कार्यालय में लंबे समय से अनुपस्थित हैं। कर्तव्यविमुख ऐसे कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हाईकोर्ट के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाकर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर कैम्प के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने समर कैंप का लिया जायजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 22 मई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल के नेतृत्व में स्कूली विद्यार्थी बड़े उत्साह के साथ समर कैम्प में हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्योहारे के नेतृत्व में टीम द्वारा समर कैंप में किए जा रहे स्कूलों का अवलोकन किया गया। टीम में समग्र शिक्षा के एडीपीओ श्री परस झाड़े, सहायक परियोजना समन्वयक श्री रफीक अंसारी, श्री मनोज मरकाम एवं श्री आदर्श वासनिक शामिल थे। शिक्षा विभाग की टीम द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह में समर कैंप का अवलोकन किया गया। जहां बच्चों ने चित्रकारी की और खेल की गतिविधियों के साथ समर कैंप की शुरूआत हुई। टीम ने डोंगरगांव विकासखंड के बोधीटोला का अवलोकन किया। जहां बच्चों को विशेषज्ञों द्वारा गीत, संगीत सिखाया जा रहा था। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम डुंडेरा एवं राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह के शाला का अवलोकन भी जिला मिशन समन्वयक की टीम द्वारा किया गया। जहां पर बच्चों को मनोरंजक गतिविधियां चित्रकारी, योग एवं नृत्य आदि कराया जा रहा था। समय कैम्प के माध्यम से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसमें बच्चों की बहुमुखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया जा सके, ऐसा एक प्रयास शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। समय कैम्प आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा बच्चों के लिए नाश्ता एवं जलपान की व्यवस्था भी गई। बच्चे सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक बड़े उत्साह के साथ समय कैम्प का आनंद ले रहे हैं और स्कूलों में बढ़ती बच्चों की भीड़ बता रही है कि वह भी अपने स्कूलों में वापस आकर और इस तरीके की मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होकर बहुत ही खुशी महसूस कर रहे हैं।

ब्लाक कांग्रेस ने राजीव गाँधी की 33 वीं पुण्यतिथि मनाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 22 मई। राजीव गाँधी की 33 वीं पुण्यतिथि डोंगरगढ़ के चारों ब्लॉक द्वारा, घुमका, मुढ़िपार सहित डोंगरगढ़ के कांग्रेसियों द्वारा मनाई गई। इस पावन अवसर पर विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल का जन्मदिन कांग्रेसियों ने बड़ी सादगी व शालीनता से विधायक निवास में केक काटकर मनाया गया। राजीव गाँधी की पुण्यतिथि के मौके पर तैल चित्र पर विधिवत पूजा अर्चना कर भारत व कांग्रेस पार्टी के लिए उनके योगदान को याद करते श्रधासुमन पुष्प अर्पित किए। विधायिका श्रीमती बघेल प्रातः 4.30 बजे ऊपर मंदीर पहुँच पहाड़ी वाली बम्बलेश्वरी माता की विशेष अभिषेक पूजा करते हुए क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंगल कामना करते आशीर्वाद माँगा। श्रीमति बघेल द्वारा बछेराभांठा वृद्धाश्रम में कपड़े, फल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण कर हालचाल जानते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नवाज खान, नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम, पूर्व नपाध्यक्ष धीरज मेश्राम, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंहसिंह, कांग्रेसी नेत्री संध्या देशपांडे, रामजी तराने, प्रकाश महानदी,ब्रुद्धह्यस्श्रद्र भाटिया, शिशुपाल भारती, बब्बू भाटिया, निक्कु भाटिया, रूपचंद खोब्रागढे, भारत भूषण मेश्राम, संजय यादव, राजकुमार साहू, अकिल कुरैशी, रेखा खोब्रागढे, हरीश भंडारी, रजत देशपांडे,खेमिन ठाकुर, ममता शिंदे, युवराज सेन, अश्वनी फुले, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, संजीव गुप्ता, दिनेश साखरे, गजेंद्र साहू, अशोक खोब्रागढे सहित कांग्रेसीजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मरीजो को फल एवं बिस्किट वितरित

राजनांदगांव 22 मई। आज राजीव गांधी जी के पुण्यतिथि के अवसर पर डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल जी द्वारा गौरव ग्राम घुमका के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजो को फल एवं बिस्किट वितरण कर राजीव गांधी जी के तैलचित्र पर मल्याअर्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि.अर्पित किया गया एवं आतंकवाद के विरोध में शपथ लिया गया कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव जी चंद्रेश वर्मा योगेन्द्र दास वैष्णव विजय साहु रमाकांत साहू जयकुमार वर्मा दिनेश पुरानी महेश वर्मा नवीन लुनिया पीयूष दुबे राकेश वर्मा पप्पू वर्मा कमल बंजारे एवं बड़ी संख्या कार्यकर्ता और आम जन उपस्थित रहे।

ब्लू बर्ड के स्वास्थ्य शिविर का लाभ महिलाओं ने उठाया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 22 मई। ब्लू बर्ड संस्था द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम डुमरडीहखुर्द में किया गया । इस स्वास्थ शिविर का उद्देश्य महिलाओं में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं उनके स्वास्थ्य की प्राथमिक जांच थी जिसमें लगभग 50 से 55 महिलाओं, किशोरियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव कि सहभागिता के साथ प्राथमिक जांच प्रकिया संपन्न की गयी। मेडिकल कॉलेज राजनंदगांव द्वारा एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में यह शिविर संपन्न की गई। ब्लू बर्ड संस्था की डायरेक्टर सुधा वर्मा ने शिविर के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस है चूँकि ब्लू बर्ड संस्था माहवारी स्वच्छता एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र मे विगत 4 वर्षों से कार्यरत है इसी कड़ी मे यह स्वास्थ्य शिविर महिलाओं के बीच गर्भाश्य से

जुड़ी भयंकर बीमारियों से बचाव के लिए इस तरह के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हर वर्ष करती है । इस कड़ी में 28 मई को एक और शिविर किया जाना है । आज संस्था की नन्ही फुलवारी सदस्य सुमन यादव, चंचल , टिकेश्वरी, किरण वर्मा, लोकेश, अमीषा चंदेल, प्रीति वर्मा, कंचन वर्मा उपस्थित रहे और मेडिकल कॉलेज स्त्री रोग विशेषज्ञ मीना जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का योगदान अतुलनीय: कांग्रेस

शहर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 22 मई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 33वीं पुण्यतिथि पर 21 मई मंगलवार को आतंकवाद विरोधी दिवस पर संगोष्ठी सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सभा का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षी दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर मंगलवार को कामठी लाइन स्थित कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर कांग्रेसजन द्वारा स्व.गांधी के तैलचित्र पर

माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हुए,उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए उनके कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह आर्थिक ,सामाजिक ,राजनीतिक वैज्ञानिक ,तकनीक या विदेश नीति में निन् नई उपलब्धियां पाई हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती शारदा तिवारी ने स्वर्गीय राजीव गांधी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी जी भारत माता की सच्चे सपूत थे, उन्होंने अपने अल्प समय में भारत को नई दिशा दी, भारत ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। युवाओं को 18 वर्ष का होने पर मताधिकार प्रदान करना हो, चाहे पंचायती राज के माध्यम से सत्ता के विकेंद्रीकरण को व्यापक आधार देते हुए प्रजातंत्र की नींव मजबूत करने का कार्य हो। स्वर्गीय राजीव गांधी भारत में संचार क्रांति के जनक भी कहे जाते हैं आज मोबाइल फोन, इंटरनेट या अन्य संचार के साधन हो इनको भारत में स्थापित करने का श्रेय भी श्री राजीव गांधी को जाता है। इसलिए श्री राजीव गांधी को आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है।

स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोधी दिवस पर उपस्थित कांग्रेसजनों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा सभी वर्गों के बीच शांति-सद्भाव, सामाजिक भाईचारा कायम करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई गई।

संगोष्ठी सभा को दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अतुल शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष मोहम्मद याहया, नारायण सोनी ,विष्णु सिन्हा, पूर्व पार्षद बंटी यादव ,चेतन सिन्हा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उपस्थित कांग्रेसजन का आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने किया।

समाचार संक्षेप

एसडीओपी एवं थाना प्रभारी ने थाना क्षेत्र के सरंपच,सचिव एवं कोटवारों की ली बैठक

डोंगरगढ़ 22 मई। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा आज दिनांक-21.05.2024 को थाना डोंगरगढ़ परिसर में थाना क्षेत्र के सरपंच, सचिव एवं कोटवारों का बैठक आहुत की गई थी। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी सरपंच, सचिव एवं कोटवार उपस्थित हुये। बैठक में श्रीमान एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा ली गई। बैठक में चोरी, ठगी, सायबर संबंधी होने वाले आपराधों के रोकथाम हेतु एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सरपंच, सचिव एवं कोटवार से चर्चा कर अपराधों से बचने एवं अपने-अपने ग्रामों में लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। साथ ही गांव में घुमने वाले, फेरी लगाने वाले लोगों का नाम पता कोटवारी पंजी में दर्ज करने थाना में सूचना देने एवं क्षेत्र में कहीं कोई अनजान व्यक्ति जो संदिग्ध लगता है, घुमते-फिरते दिखता है या कहीं रूके हैं तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देकर सहयोग करने की अपील की गई।

डोंगरगढ़ पुलिस की एक और सफलता बिछड़े को अपनों से मिलाया

डोंगरगढ़ 22 मई। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र0-53/2024 के गुमशुदा 42 साल की महिला जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती जो दिनांक 10.05.2021 को घर से बिना बताये कहीं चली गई थी जिसे परिजन के साथ राजनांदगांव से बरामद कर दस्तयाब किया गया है महिला से पुछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताई। जिसे उनके परिजनों को सूपुर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

कलेक्टर ने आतंकवादी विरोधी दिवस की अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

राजनांदगांव 22 मई। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को आज आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। शपथ में यह संकल्प लिया गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं और हम निष्ठापूर्वक सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लेते हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

संपादकीय

पांचवें चरण में मतदान कम तो नहीं है

लोकसभा चुनाव के लिए पांचवें चरण में 58 प्रतिशत मतदान लोगों ने किया है। यह मतदान कम तो नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह फाइनल आंकड़ा नहीं है,इसमें अभी दो चार प्रतिशत बढ़ सकता है यानी यह आंकड़ा 62 प्रतिशत तक जा सकता है। इस तरह देखा जाए तो पहले पांच चरणों में 60 प्रतिशत से मतदान हुआ है और इसे कम नहीं कहा जा सकता। हमेशा की तरह इस बार भी मतदान किसी राज्य में ज्यादा तो किसी राज्य में कम हुआ है। इसके स्थानीय कारण होते हैं। जहां ज्यादा मतदान हुआ है,माना जाता है कि वहां दलों के बीच मुकाबला कड़ा है,दोनों में दलों ने जीत को लेकर कड़ी मेहनत की है, लोगों ने इस कड़े मुकाबले को देखते हुए उत्साह किसी एक दल को वोट दिया है. ज्यादा वोटिंग मतलब होती है कि लोग केंद्र या राज्य में बदलाव चाहते हैं। पं.बंगाल में सबसे ज्यादा वोटिंग पांचवें चरण में भी हुई है तो इसे के दो मायने निकला जा सकते हैं या तो यह वोट टीएमसी के खिलाफ है या फिर यह वोट भाजपा के खिलाफ है। पिछले चरणों की तरह महाराष्ट्र व बिहार में कम वोटिंग हुई है। इससे साफ है कि यहां लोगों में बदलाव को लेकर कोई उत्साह नहीं है,लोग मानते हैं जो स्थिति है वही ठीक है। उसे बदलने की जरूरत नहीं है। कहा तो जा रहा था कि महाराष्ट्र में उध्दव गुट व पवार गुट को सहानुभूति वोट मिलेगा। अगर ऐसा होता तो लोग बदलाव के लिए ज्यादा वोट करतें। वोटिंग से उध्दव गुट खुश होता। उसे पता चल जाता कि लोगों ने उसके पक्ष में वोट दिया है। महाराष्ट्र में उध्दव ने तो नहीं उनके सुपुत्र आदित्य ठाकरे की शिकायत है कि बूथों में पानी व छांव की व्यवस्था ठीक न होने के कारण वोट कम हुई है। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग ने ऐसा जानबूझकर किया है तोकि उध्दव गुट को नुकसान हो। उन्होंने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से भी की है। बिहार में माना जा रहा है कि इस बार के चुनाव में नीतीश कुमार के मोदी के साथ चले जाने से जो नुकसान हो सकता ह,वह नुकसान अब नहीं होगा। भाजपा को लगभग उतनी हीसीटें मिलेंगी जितनी पिछली बार मिली थी। यह भी साफ हो जाएगा कि बिहार की राजनीति में लालू प्रसाद के बच्चे चुनाव जीतते हैं या हारते हैं। इससे परिवार का भविष्य के बार में कोई अनुमान लगाया जा सकेगा वैसे भी नीतीश कुमार का यह आखिरी चुनाव है, वह तो चाहेंगे ही कि इसमें भाजपा को अच्छी सफलता मिले ताकि विपक्ष को इस बात का एहसास हो कि नीतीश कुमार जितने उपयोगी भाजपा के लिए थे, उतने ही उपयोगी विपक्ष के लिए भी थे। नीतीश कुमार की तरह ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक का भी यह संभवतः आखिरी चुनाव है। भाजपा उम्मीद कर रही है कि नवीन पटनायक के रिटायर होने के कारण उसके हाथ एक और राज्य आ सकता है। ओडिशा में भाजपा की सरकार बन सकती है। नवीन पटनायक ने अपने परिवार से किसी को राजनीति में लाया नहीं,इस तरह उन्होंने ओडिशा की राजनीति में परिवारवाद को बढ़ावा नहीं दिया। वह चाहते तो इतने लोकप्रिय है कि वह अपने परिवार से किसी को राजनीति में लाते तो उसे भी जनता स्वीकार करती। जहां तक यूपी का सवाल है कि यहां पांचवे चरण में रायबरेली व अमेठी के साथ कई अहम सीटों पर चुनाव हुए हैं। लोगों को सबसे ज्यादा ध्यान गांधी परिवार से जुड़े होने के कारण अमेठी व रायबरेली पर सबसे ज्यादा है। यह दोनों सीट पहले गंधी परिवार बिना कोई प्रचार किए जीत जाता था। दोनों सीटों पर गांधी परिवार से लोग नामांकन भरते आते थे उसके बाद उनको प्रचार के लिए यहां कैंप करने की जरूरत तो नहीं होती थी। इस बार दोनों सीटों पर पहले जैसी बात नहीं रह गई है। चुनाव जीतने के लिए यहां राहुल गांधी को कई बार आना पड़ा है, प्रचार करना पड़ा है, प्रियंका गांधी को तो अमेठी व रायबरेली में जीत के लिए कैंप करना पड़ा है। यहां तक कि सोनिया गांधी को रायबरेली आकर कहना पड़ा है कि यहां से राहुल गांधी को जिताएं। भाजपा ने भी इन दोनों सीटों पर पूरी ताकत झोंक दी है क्योंकि यह तो मौका मिला है यूपी से गांधी परिवार के रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म कर देने का।पिछले दो चुनाव में कांग्रेस भले ही यूपी में कोई सीट न जीते लेकिन 14 में दो सीट व 19 में एक सीट जीतने से कोई रिश्ता तो बचा हुआ था। वह कह सकते थे कि गांधी परिवार का यूपी से रिश्ता है। अगर इस बार भाजपा अमेठी व रायबरेली से कांग्रेस को हरा देती है तो यह उनकी बड़ी उपलब्धि होगी। क्योंकि इससे आजादी के बाद पहली बार ऐसा होगा कि यूपी से गांधी परिवार को कोई नेता संसद में नहीं होगा। यह कम फजीहत की बात नहीं है।

चर्चित मुद्दा

निर्मल रानी

चरम पर चाटुकारिता

चाटुकारिता या खुशामद परस्ती का हमारे भारतीय समाज के एक वर्ग से गहरा नाता है। इस 'कला ' में पारंगत लोग किसी का महिमामंडन व उसकी चापलूसी कर उसे खुश करना चाहते हैं और इसके बदले कुछ हासिल कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। और अपनी तारीफ सुनने वाला व्यक्ति अपनी इस 'झूठी तारीफ' के बदले में प्रायः उसे उपकृत कर देता है। राजा महाराजाओं, नवाबों व बादशाहों के वक़्त से चला आ रहा यह सिलसिला आज भी जारी है। इसे दूसरे शब्दों में किसी को खुश करने का 'शार्ट कट' भी कह सकते हैं। अंग्रेज़ों ने भी हम हिन्दुस्तानियों की इस 'दुखती रग ' को बखूबी पहचान लिया था। और वे भी देश के लाखों प्रभावशाली लोगों को अपने पक्ष में करने के लिये उन्हें राय बहादुर,खान बहादुर जैसी अनेक उपाधियाँ दिया करते थे। इसके बदले में उनकी रियासतों के क्षेत्रफल में विस्तार हो जाता था। पदवी बढ़ जाती थी, माल -ऐ -दौलत में इजाफा हुआ करता था। आज स्वतंत्र व लोकतान्त्रिक भारत में भी वही स्थिति है। आधे अधूरे वे लोग जिन्हें अपनी योग्यता व अपने कौशल पर विश्वास नहीं वे अपने आक़ाओं को खुश करने में लगे रहते हैं। याद कीजिये आपातकाल यानी 1975 का वह दौर जब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष देव कांत बरुआ ने प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की प्रशंसा में कहा था कि -इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा यानी इंदिरा भारत हैं और भारत इंदिरा है। कांग्रेस के शासन में भी अनेक नेताओं की 'दुकानदारी ' खुशामद परस्ती व चाटुकारिता के दम पर ही चला करती थी। आज भी देखने को मिलता है कि कहीं कहीं सोनिया गाँधी व ममता बनर्जी जैसे नेताओं के 'भक्त ' उन्हें देवियों के रूप में पेश करते रहे हैं। परन्तु वतर्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में तो ऐसी अनगिनत मिसालें हैं जिसमें लोगों ने मोदी को न केवल देवताओं व भगवान का अवतार बताया बल्कि अब तो 'भगवान को मोदी' का भक्त तक बता दिया गया। पिछले दिनों भाजपा के बड़बोले प्रवक्ता संबित पात्रा ने जोकि उड़ीसा के पुरी लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी भी हैं,ने तो भगवान जगन्नाथ को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भक्त बता डाला' । कुछ टी वी चैनल्स को साक्षात्कार देते हुए पात्रा ने यह कह दिया कि, भगवान जगन्नाथ, पीएम मोदी के भक्त हैं। चुनावी बेला में उनके मुंह से यह निकलते ही अनेक प्रमुख विपक्षी नेताओं ने पात्रा की 'इस चरम चाटुकारिता ' को लपक लिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस बयान को ओडिया की 'अस्मिता' को चोट पहुंचाना बताया। पटनायक ने एक्स में लिखा, कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ ब्रह्मांड के भगवान हैं। महाप्रभु को किसी अन्य इंसान का 'भक्त' कहना भगवान का अपमान है। यह पूरी तरह से निंदनीय है। इससे भावनाएं आहत हुई हैं और दुनिया भर में करोड़ों जगन्नाथ भक्तों और उड़िया लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस टिप्पणी को लेकर एक्स में लिखा कि जब प्रधानमंत्री खुद को सम्राट समझें और भगवान उन्हें दरबारी लगने लगे तो साफ है कि पाप की लंका का पतन क़रीब है। करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार मुट्ठी भर भाजपाइयों को किसने दिया ? यही अहंकार उनके विनाश का कारण बन रहा है दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये भाजपा नेताओं के अहंकार को दिखाता है। केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं बीजेपी के इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने सोचना शुरू कर दिया है कि वे भगवान से ऊपर हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है। भगवान को मोदी भक्त कहना भगवान का अपमान है।

उधर मौक़े की नज़ाकत को भांपते हुये और आगामी 25 मई को पुरी के अपने चुनाव के नफे नुक़सान के मद्देनजर संबित पात्रा ने भी मुआफी मांगने के लिये कोई शब्द भी बाक़ी नहीं छोड़े। पात्रा ने भगवान जगन्?नाथ पर अपनी इस शमर्नाक व अतिविवादित टिप्पणी पर मुआफी मांगते हुये कहा कि वह अपनी 'जुबान फिसलने' के लिए माफी मांगते हैं और वह भगवान से क्षमा प्राय्श्चित करने के लिए अगले 3 दिनों तक उपवास रखेंगे। उन्होंने एक्स पर इसी आशय का एक वीडियो शेयर कर भगवान जगन्नाथ को लेकर की गयी अपनी ग़लत टिप्पणी के लिए माफी मांगते हुये लिखा कि आज मैं भगवान जगन्नाथ के संबंध में की गई अपनी ग़लती से बहुत परेशान हूं। मैं भगवान जगन्नाथ के चरणों में सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। अपनी ग़लती का प्रायश्चित करने और पश्चाताप करने के लिए मैं अगले तीन दिनों तक उपवास रखूंगा। यही संबित पात्रा कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के साथ एक टी वी डिबेट के दौरान मोदी को 'अपना बाप' भी कह चुके हैं। यही बदजुबान पात्रा एक टी वी डिबेट में आचार्य प्रमोद कृष्ण जो इत्तेफाक़ से अब भाजपा में शरण ले चुके हैं उन्हें ठग और पाखण्डी संत बोल चुके हैं। मोदी की शान में चरम चाटुकारिता करने वालों की सूची बहुत लम्बी है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव व विश्व हिन्दू परिषद नेता चंपत राय भी प्रधानमंत्री को 'दिव्य शक्ति संपन्न' बताया चुके हैं। । चंपत राय ने राम मंदिर सहित राष्ट्र मंदिर निर्माण का श्रेय मोदी को देते हुए कहा था कि वह अति मानवीय और दिव्य योग्यताओं से युक्त हैं। चंपत राय ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान विष्णु का अवतार बताया था । भाजपा का यह नारा बेवजह नहीं गढ़ा गया है कि 'जो राम को लाये हैं ,हम उनको लायेंगे'। इसी तरह मंडी लोकसभा प्रत्याशी व अभिनेत्री कंगना रनौत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'भगवान विष्णु का ही अंश बताती हैं। कंगना के अनुसार नरेंद्र मोदी का नाम भी भगवान विष्णु के नाम पर है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि वह भी उनके ही अंश हैं, जो हमारा पालन कर रहे हैं'। हद तो तब हो गयी जब प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध काशी हिंदू विश्वविद्यालय में एक प्रदर्शनी लगी थी जिसमें नरेंद्र मोदी को भगवान विष्णु के अवतार के रूप में दर्शाया गया था। यहाँ मोदी @20 नाम के प्रोग्राम में मंच के पोडियम पर नरेंद्र मोदी के विष्णु अवतार रूप की चित्रकारी की गई थी जिसमें मोदी के 12 हाथ बनाए गए थे। यहा शिक्षण संस्थानों में भी इस तरह की अंधभक्ति फैलाने की कोशिश की गयी ? हालांकि मोदी को भगवान विष्णु का अवतार बताये जाने पर शिव सेना नेता संजय राउत का कहना है कि-'अंधभक्त, मोदी को विष्णु का 13वां अवतार मानते हैं। अगर ऐसा है तो मोदी ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर पर लोकसभा का चुनाव करा कर देख लें, 33 करोड़ देवी-देवता भी उन्हें हार से बचा नहीं सकेंगे।' परन्तु इन चुनौतयों को स्वीकार करने से इतर जयकारे और जिंदाबाद के गगनचुम्बी नारे लगाने वाले हमारे देश में नेताओं की चाटुकारिता अपने चरम पर है।

आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और प्यार रिश्ते को और भी बेहतर बनायेंगे। आपका सामाजिक जीवन आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको काम के लिए वाहवाही मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति होगी। आप खुद को सही साबित करने में सफल रहेंगे। किसी काम को पूरा करने के लिए आपको कोई नया आइडिया सूझेगा। स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

वृष राशि- आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। आपको बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में सब कुछ सामान्य रूप से बना रहेगा। दांपत्य रिश्ते में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आप कुछ नये विचारों के साथ अपना कोई खास काम शुरू कर सकते हैं। दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अचानक लाभ होने के योग हैं किसी अनुकूल संपर्क के कारण आप अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होगें। मित्र और सहकर्मी आपके प्रयासों में आपका समर्थन करेंगे। आपको अपने कार्य क्षेत्र में असीम विजय मिलेगी। आज किसी की राय आपके लिए कारगर साबित हो सकती है। दूसरों के सामने अपनी बात रखने की पूरी कोशिश करेंगे। आमदनी बढ़ाने के लिए कोई नया प्लान आपके दिमाग में आ सकता है। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

कर्क राशि- आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है। अपने कुछ खास काम निपटाने के लिए आपको अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ सकता है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। अगर किसी तरह का निवेश करने की सोच रहे हैं, तो पहले आपको सब कुछ अच्छी तरह से चेक कर लेना चाहिए।

सिंह राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती हैं। आपकी यात्राएं फलीभूत होंगीं आप अपने परिवारजनों और मित्रों के साथ सैर सपाटे की योजनाएं भी बना सकते हैं। कोर्ट-संबंधी किसी काम के लिए आपको अपने सीनियर्स की मदद लेनी पड़ सकती है। आप किसी दोस्त के घर जा सकते हैं। धन संपत्ति के मामलों में आपको सतर्क रहना चाहिए।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। बचपन के किसी दोस्त का आज फोन आ सकता है, बात के दौरान कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी। आपके अधूरे काम पूरे हो जाएंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की कोई योजना सफल हो सकती है। आज आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। शिक्षक आज किसी मीटिंग में शामिल होंगे। आज बड़ों से कुछ नया सीखने को मिलेगा, जो आगे चलकर आपके काम आयेगा। आपको माता-पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। मेहनत के बल पर उन्हें अपने करियर में सफलता हासिल होगी। किसानों को अपने श्रम का अच्छा लाभ मिलेगा। आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा अच्छा रहने वाला है। पारिवारिक परिस्थितियों में पहले से बेहतर सुधार आयेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चे दोस्तों के साथ किसी पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। आपको करियर से जुड़ा कोई सुनहरा मौका मिलेगा। आपके कामकाज में बदलाव होने के योग बन रहे हैं। जो छात्र विदेश में जाकर शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उनके सपने साकार हो सकते हैं।

धनु राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है। साथ ही परिवार के लोग आपके हर फैसले के साथ होंगे। ऑफिस के काम से किसी सहकर्मी के साथ यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपको अपनी माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। घर बनवा रहे लोगों का काम आगे बढेगा। अपने काम को किसी नए तरीके से करने की योजना आप सोच सकते हैं। जीवनसाथी आपको प्रसन्न होने की वजह देंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। आपके काम में नयापन आयेगा। अपनों से नजदीकियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। आपको कोई शुभ सूचना प्राप्त होगी। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपके कामकाज की क्षमता बढ़ेगी, जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ने के योग हैं। लवमेट एक-दूसरे के साथ खुशी के पल व्यतीत करेंगे।

कुंभ राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। आप किसी खास विषय पर उनसे बातचीत भी कर सकते हैं। आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जाएंगे। आज कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। अधिकारी वर्ग आपसे प्रसन्न होंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आएगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिल सकता है। ऑफिस का काम समय पर पूरा हो सकता है। किसी दोस्त की मदद से आपके कुछ निजी काम पूरे होंगे। आपको आर्थिक रूप से लाभ की प्राप्ति हो सकती है। कुछ मामलों में आपको अधिकारियों से मदद मिल सकती है।

हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से बचना है तो डाइट में शामिल कर लें ये चीजें, मिलेगी जबरदस्त ठंडक

गर्मी के इस दौर में सेहत को दुरुस्त रखने के लिए जरूरी है कि डाइट में ऐसी चीजों को शामिल किया जाए जिनसे आपके शरीर में पानी की कमी ना हो और आपकी बॉडी हीट स्ट्रोक से बची रह सके.गर्मी इस वक्त अपने प्रचंड रूप में लोगों पर कहर बरसा रही है. तापमान 45 पार जा रहा है और ऐसे में घर से बाहर निकलना एक बड़ी चुनौती बन गया है. ऐसे में सबसे बुरा असर आपकी सेहत पर पड़ रहा है. लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आ रहे हैं और जिसे देखो डिहाईड्रेशन का शिकार हो रहा है. गर्मी के इस दौर में सेहत को दुरुस्त रखने के लिए जरूरी है कि डाइट में ऐसी चीजों को शामिल किया जाए जिनसे आपके शरीर में पानी की कमी ना हो और आपकी बॉडी हीट स्ट्रोक से बची रह सके. चलिए आज ऐसी ही कुछ ठंडक देने वाली चीजों की बात करते हैं जिनको खाकर आप गर्मी का शिकार बनने से बच सकेंगे. गर्मियों में आने वाले फल जैसे,आम, संतरा, खरबूजा, मौसमी और अनार भी आपके शरीर को ठंडक देंगे और शरीर में पानी के साथ साथ पोषक तत्वों की भी कमी दूर करेंगे. इन फलों में पाया जाने वाला विटामिन सी आपकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखेगा और आपके शरीर को ठंडक मिलती रहेगी. खीरा तो आप सलाद के रूप में शौक से खाते होंगे. खीरा पानी से भरपूर सब्जी है जिसे गर्मियों में आप आराम से खा सकते हैं. इसके अंदर पाए जाने वाले न्यूट्रिएंट्स आपके शरीर में ठंडक भी रखेंगे और पानी की कमी भी नहीं होगी. इसके साथ साथ सन टैन से अगर आपकी स्किन झुलस गई है तो भी खीरा खाना आपके लिए फायदेमंद होगा क्योंकि ये आपकी स्किन को भी हेल्दी और चमकदार बनाने में मदद करेगा. नारियल पानी ढेर सारे पोषक तत्वों से लैस है.

व्यंग्य

चाँद या रोटी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

भारत के दिल में कहीं बसा एक छोटा सा गाँव था, जहाँ भोला नाम का एक आदमी रहता था। भोला के पास कोई साधन नहीं था; वह गरीब था, उतना ही गरीब जितनी वह जमीन जिसे वह जोतता था, जो केवल निराशा ही देती थी। उसका घर, मिट्टी और पुआल से बना एक साधारण झोपड़ी, उसकी कठिन जिंदगी का एक प्रमाण था। फिर भी, लगातार भूख और गरीबी के बावजूद, भोला में एक अनोखा उत्साह था, अपनी स्थिति की मूर्खता को देखने का उपहार था। हर रात, जब चाँद आकाश में ऊँचा होता, भोला अपनी झोपड़ी से बाहर निकलता, ऊपर देखता और चाँद से ऐसे बातें करता जैसे वह उसका पुराना दोस्त हो। चाँद, उसके दुखों का मूक साक्षी, शांत और उदासीन होकर चमकता रहता। भोला का रात का यह दैनिक अनुष्ठान उसकी भूख बढ़ने के साथ नया रूप लेने लगा। एक रात, भोला ने चाँद को नई उत्सुकता के साथ देखा। वह पूरा, गोल और चमकदार था, बिल्कुल एक विशाल रोटी जैसा। उसका पेट उसकी कल्पना से सहमत होकर व्याकुल हो रहा था। ओ चाँद, उसने शुरू किया, उसकी आवाज में मजाक और वास्तविक लालसा दोनों की झलक थी, तू नीचे आकर रोटी क्यों नहीं बन जाता? बस एक रात के लिए, मेरा पेट भर दे और मुझे शांति दे।



चाँद, निश्चित रूप से, चुपचाप आकाश में लटका रहा। लेकिन भोला हतोत्साहित नहीं हुआ। उसने अपनी रात की प्रार्थना जारी रखी, और उसकी विनतियाँ अधिक विस्तृत होती गईं। चाँद, तू वहाँ लटका हुआ है। तू भूख की पीड़ा नहीं जानता, जो एक आदमी के कंकाल को मरोड़ती है और काटती है। दयालु बन, चाँद, मेरे लिए रोटी बन जा। सिर्फ आज रात के लिए, मुझे कुछ और नहीं, निराशा का स्वाद चखने दे।

गाँव में भोला की अनोखी आदत के बारे में बात फैल गई। कुछ लोग हँसे, अन्य लोग दया में सिर हिलाते रहे, लेकिन भोला की प्रार्थनाएँ स्थानीय किंवदंती बन गईं। बच्चे उस आदमी के बारे में गाने गाने लगे जो चाँद को खाना चाहता था। बुजुर्गों ने भोला को उन खतरों के बारे में आगाह किया जो बड़े सपने देखने से हो सकते हैं। जैसे-जैसे हफ्ते बीतते गए, भोला की हालत बिगड़ती गई। उसका दुर्बल शरीर और भी क्षीण हो गया। उसकी आँखें खोखली हो गयी थीं। फिर भी, हर रात, जुनूनी बनकर, वह बाहर निकलता और चाँद से बात करता। एक रात, विशेष रूप से कमजोर महसूस करते हुए, भोला अपने घुटनों पर गिर गया। चाँद, उसने फुसफुसाया, मैं तुझसे विनती कर रहा हूँ। मेरे पास अब कुछ नहीं बचा। रोटी बन जा और मुझे बचा ले। उस रात, कुछ अजीब हुआ। जब भोला ने ऊपर देखा, आँसुओं और भूख से उसकी दृष्टि धुंधली थी, चाँद झिलमिलाता और बदलता हुआ प्रतीत हुआ। अपने उन्माद की अवस्था में, ऐसा लगा जैसे चाँद बड़ा हो रहा है, आकाश से उतर रहा है। भोला का दिल तेजी से धड़कने लगा। यह हो रहा है, उसने सोचा। चाँद मेरी रोटी बन रहा है।

बेशक, चाँद वहीं रहा जहाँ वह हमेशा से था, एक खगोलीय पिंड भोला की पहुँच से बहुत दूर। लेकिन उसके दिमाग में, भूखे आदमी की हताशा से भरे हुए, यह नीचे उतर रहा था, बड़ा और बड़ा होता जा रहा था जब तक कि यह उसकी पूरी दृष्टि में भर न गया। भोला कांपते हुए हाथों से रोटी रूपी चाँद को देखा, और फिर थकान से गिर पड़ा। अगली सुबह, ग्रामीणों ने भोला को मिट्टी में लेटे हुए पाया। उसके चेहरे पर एक शांत मुस्कान थी। उन्होंने उसे वापस उसकी झोपड़ी में पहुँचाया और उसकी खाट पर लिटा दिया। जब वे उस पर नजर रखे हुए थे, भोला धीरे-धीरे अपनी आँखें खोलीं। क्या तुमने उसे देखा? उसने कमजोर स्वर में पूछा। चाँद... वह रोटी बन गया। ग्रामीणों ने एक-दूसरे की ओर देखा। कुछ उदास मुस्कुराए, अन्य ने सिर हिलाया। उन्हें उसे यह बताने का साहस नहीं था कि कुछ भी नहीं बदला है, कि चाँद अभी भी एक दूरस्थ गोला है, आकाश में लटका हुआ, नीचे के लोगों के दुखों के प्रति उदासीन। लेकिन भोला को यह सुनने की जरूरत नहीं थी। उसके दिमाग में, चाँद नीचे आ गया था, उसकी इच्छा पूरी कर दी थी, और एक रात के लिए, वह भूख से मुक्त था। उसने फिर से अपनी आँखें बंद कीं। मुस्कराते हुए सो गया, एक ऐसे दुनिया का सपना देखता हुआ जहाँ चाँद रोटी बन सकते हैं, और भूख केवल एक दूरस्थ स्मृति थी।

गंभीर मुद्दा

प्रियंका सौरभ

राजनीतिक हस्तक्षेप से त्रस्त शिक्षा संस्थान

भारतीय उच्च शिक्षा, जो कभी बौद्धिक स्वतंत्रता का प्रतीक थी, राजनीतिक हस्तक्षेप के बढ़ते खतरे का सामना कर रही है। यह हस्तक्षेप अकादमिक उत्कृष्टता की नींव - स्वायत्तता और स्वतंत्रता को कमजोर करता है और अनुसंधान, शिक्षण और छात्र चर्चा पर भयावह प्रभाव डालता है। राजनीतिक हस्तक्षेप से त्रस्त शिक्षा संस्थान, विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए. केंद्र और राज्य सरकारों को इस लक्ष्य को हासिल करने का उपक्रम करना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और शिक्षा संस्थान राजनीति हस्तक्षेप से मुक्त हों। उन्हें राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने दिया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं।केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं।

पाठ्यचर्या संबंधी निर्णय राजनीतिक लक्ष्यों से प्रभावित हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, विशेष राष्ट्रीय आख्यानों को आगे बढ़ाने या संवेदनशील विषयों पर सेंसर वार्ता को आगे बढ़ाने की पहल की गई है। यह आलोचनात्मक सोच के साथ-साथ व्यापक शिक्षा को भी बाधित करता है। यदि संकाय और छात्र अलग-अलग राय व्यक्त करने के नकारात्मक परिणामों से डरते हैं तो वे राजनीतिक दबाव के कारण आत्म-सेंसर कर सकते हैं। यह ईमानदार चर्चा और परेशान करने वाली सच्चाइयों की खोज को रोकता है। विडंबना है कि शिक्षा के तमाम पाठ्यक्रम, जिन्हें अब कार्यक्रम कहा जा रहा है, पुराने ढर्रे के हैं। कोई भी शैक्षणिक सुधार पाठ्यक्रम को एकांगी होने के दोष से बचाकर, उच्च शिक्षा तथा शोध का मान उन्नत करके ही संभव है। शोध का मान तब उन्नत होगा, जब गंभीर शोध और सतत अध्ययन का रचनात्मक परिवेश निर्मित हो। यह परिवेश निर्मित कर ही युवा शक्ति को सकारात्मक और सृजनशील ढंग से ऊर्जस्वित किया जा सकता है,

विश्वविद्यालय शैक्षणिक सुधारों के बजाय राजनीतिक हितों के पोषण का केंद्र न बनने पाएं। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति केंद्र सरकार और राज्यों के विश्वविद्यालयों में राज्य सरकारें करती हैं। जिस राज्य में जिस पार्टी की सरकार होती है, वह अपने चहेतों को कुलपति नियुक्त करती है। हर राज्य में इस तरह के उदाहरण हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं। यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे।

पर त्रासदी है कि उच्च शिक्षा की विषय वस्तु और प्रक्रिया प्रायः विदेशी ज्ञान को मानक मानकर की जाती रही है, जिसके परिणामस्वरूप हम अपनी परंपरा से कटकर दूर चले गए हैं।

राजनीतिक कारक अनुसंधान निधि और प्रोफेसर पदों के वितरण पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह योग्यता को नष्ट करता है और संभावित विवादास्पद अनुसंधान को रोकता है। राजनीतिक हस्तक्षेप से विश्वविद्यालयों की स्वशासन की क्षमता कमजोर हो सकती है। इससे सर्वोत्तम उम्मीदवारों को नियुक्त करने और अपने स्वयं के शैक्षणिक लक्ष्य स्थापित करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। विश्वविद्यालयों ने कभी-कभी प्रशासनिक पदों पर राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों की नियुक्ति देखी है, जिससे निर्णय लेने में संभावित पूर्वाग्रह के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। यदि कुलपति की नियुक्ति इस आधार पर होगी कि वह सत्तारूढ़ दल या उसके मुखिया का कितना करीबी है तो क्या उससे शैक्षणिक सुधार लाने की उम्मीद बेमानी नहीं होगी? कहने की जरूरत नहीं कि नियुक्तियां योग्यता और प्रतिभा के आधार पर होनी चाहिए, न कि राजनीतिक पसंद के आधार पर। विश्वविद्यालय मेधाओं का निर्माण करते हैं।



यदि राजनीतिक विचारधारा के कारण मेधाओं की उपेक्षा होगी तो उसके घातक परिणाम होंगे।

यह विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान और मानविकी में देखा ज

जिले में रेत के अवैध उत्खनन के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कांकेर, 22 मई । कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों एवं आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में रेत के अवैध उत्खनन की लगातार मिल शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए इसमें संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं खनिज अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में रेत उत्खनन एवं अवैध वसूली के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रेत परिवहन वाहनों के सभी वैध दस्तावेजों और अनुमति से संबंधित कागजातों का बारीकी से परीक्षण करें और किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरूद्ध तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करें। साथ ही रेत भंडारण स्थलों का सतत् निरीक्षण कर उपलब्ध रेत का रिकॉर्ड के साथ मिलान कर उसका भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने आगामी 10 जून के उपरांत रेत खनन का कार्य प्रतिबंधित करने के भी निर्देश खनिज अधिकारी को दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने आगामी 04 जून को होने वाली मतगणना के परिप्रेक्ष्य में सभी अधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाने एवं जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए। कांकेर एवं भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में आवास निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। जिले के सभी 149 ग्राम उपार्जन केन्द्रों में से धान का उठाव पूर्ण हो जाने के बाद भी पोर्टल में 78 केन्द्रों में धान की उपलब्धता प्रदर्शित होने पर संबंधित नोडल अधिकारियों को इन केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर इसमें आवश्यक सुधार कराने के लिए उन्होंने निर्देश दिए। कोयलीबेड़ा के ग्राम पानीडोबीर में हाई वोल्टेज लाइन के नीचे से बोरखनन वाहन के गुजरने के दौरान करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो जाने की घटना पर कलेक्टर ने कहा कि ऐसे हादसों से बचाव के लिए विद्युत प्रवाह को बंद कराने के बाद ही बोर वाहनों को क्रॉस कराएं। इसके लिए विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी से पूर्व में ही समन्वय स्थापित कर लें।

इसके अलावा कलेक्टर ने विद्युत देयकों के लंबित भुगतान प्राप्त आबंटन की उपलब्धता अनुसार करें तथा शेष राशि के लिए अधिकारी अपने उच्च कार्यालय से पत्राचार कर आवश्यक बजट की मांग करें। साथ ही वन अधिकार मान्यता पत्र के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए वन विभाग से आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने, ग्राम पोटगांव में विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के लिए भू-आबंटन की कार्यवाही, आगामी बारिश के मौसम के मद्देनजर पहुंचविहीन गांवों में राशन तथा मितानिन पेटी में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित नाले-नालियों में प्लास्टिक, कचरा, गंदे पानी का भराव न हो, इसके लिए वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व साफ-सफाई कराने हेतु कलेक्टर ने सभी सीएमओ को निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत के सीइओ श्री सुमित अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, श्री बी.एस. उईके, श्री जितेन्द्र कुर्रे, सभी अनुविभाग के एसडीएम सहित जिला स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

एक नजर

पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित

कांकेर, 22 मई । गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष भारत सरकार द्वारा कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि क्षेत्र में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धि, सेवा अथवा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है, जिसमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सम्मिलित है। उक्त पुरस्कार के लिए जिले के अधिकारियों को योग्य पात्र व्यक्तियों से नामांकन प्रस्ताव 30 अगस्त 2024 तक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।इस संबंध में बताया गया कि पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार हेतु वर्ष 2025 के लिए नामांकन प्रस्ताव आधिकारिक वेबसाइट https://awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। उल्लेखनीय है कि पद्म पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व विशिष्ट योगदान देने वाला कोई भी व्यक्ति इन पुरस्कारों के पात्र हैं। इन पुरस्कारों के लिए महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों जैसे अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों आदि में ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के प्रयास किए जाएं, जो पुरस्कार के लिए विचार किए जाने के हकदार हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले व्यक्तियों सहित शासकीय सेवक पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं।

मतगणना तिथि 4 जून को शुष्क दिवस घोषित

कांकेर, 22 मई । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत मतगणना हेतु नियत तिथि 04 जून दिन मंगलवार की तिथि तय की गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने उक्त तिथि को मतगणना स्थल क्षेत्र एवं नगर पालिका क्षेत्र कांकेर में स्थित देशी और विदेशी मदिरा दुकान कांकेर की फुटकर दुकानें एवं एफ.एल-4 (के) व्यावसायिक क्लब को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार मतगणना अवधि पर उक्त क्षेत्र में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

आतंकवाद विरोधी दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

कांकेर, 22 मई । आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर आज सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने सभी अधिकारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों ने शपथ ली कि अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध किया जाएगा। साथ सभी ने मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ कलेक्टर द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, श्री बी. एस. उइके एवं श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने स्वीकृत की क्षतिपूर्ति राशि

कांकेर, 22 मई ।माओवादी पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास हेतु स्वीकृत कार्य योजना के तहत् कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा अज्ञात माओवादियों द्वारा वाहन जलाये जाने के प्रकरण में वाहन मालिक को क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किया गया है। कोयलीबेड़ा निवासी श्री विनोद कुमार साहू के वाहन परतापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोटांज से गट्टाकाल तक सीसी रोड निर्माण कार्य में लगे जेसीबी वाहन को अज्ञात माओवादियों द्वारा जला दिया गया, जिसकी क्षतिपूर्ति के तौर पर 03 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

कलेक्टर ने मानसून में बाढ़ से बचाव एवं राहत के लिए तैयारी रखने के दिए निर्देश

कांकेर, 22 मई । कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक प्रशासनिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु में बाढ़ से निबटने और प्राकृतिक आपदा से राहत पहुंचाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में अभी से खाद्य सामग्रियों और जीवनरक्षक दवाइयों का भंडारण सुनिश्चित कर लें, ताकि प्रभावित के लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में उन्होंने खाद्य अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी सीएमओ को मानसून से पहले नालियों की साफ-सफाई के निर्देश दिए ताकि बारिश में जाम की स्थिति न हो। बैठक में अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार ने बताया कि बाढ़, अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा से राहत पहुंचाने एवं सहायता के लिए राज्य, जिला, अनुभाग एवं तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिला कार्यालय में जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 7647970445 है। उक्त नियंत्रण कक्ष में 24 घंटे कर्मचारी उपलब्ध रहेंगे। बैठक में जिले के बाढ़ प्रभावित तहसीलों में निगरानी टीम का गठन करने एवं बाढ़, अतिवृष्टि आदि से बचाव हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रेषित करने को कहा गया। बाढ़ से बचाव के लिए सक्रिय मोटर बोट एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था सहित सभी बचाव टीम को तैयार रखने के लिए जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिले के तहसील स्तर पर स्थापित वर्षा मापक यंत्रों की मरम्मत व संधारण करने एवं नियमित रूप से जानकारी भेजने हेतु सभी तहसीलदार को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बी.एस. उइके एवं श्री जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मनमाने किराए व बदतमीजी से यात्री परेशान

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सड़क मार्ग ही यात्री परिवहन का एकमात्र साधन बस ही है। लेकिन चालक किस तरह मनमानी करते है इसकी बानगी देखना हो तो एक बार सुकमा से चलने वाली बसों मे यात्रा करना होगा। सुकमा से चाहे रायपुर की यात्रा हो या फिर दक्षिण की तरफ कहीं भी. आये दिन मनमाना किराया और यात्रियों के साथ बदमीजी बस चालकों का पेशा बन गया है। यहां तक कि, बस का भाड़ा कितना हो ये शासन नहीं बल्कि यहां के बस मालिक तय करते है। सुकमा जिले में परिवहन यात्रा का एकमात्र सड़क मार्ग होने से बेबस यात्रियों से मनमानी वसूली अपनी चरम सीमा पर है। सुकमा आदिवासी जिला होने की वजह से यात्रियों के अशिक्षित होने और उनकी मजबुरी का पूरा फायादा बस मालिक उठाने लगे हैं। सुकमा जिला मुख्यालय से सौ से अधिक बसें छत्तीसगढ़ के साथ सीमावर्ती राज्यों की ओर जाती है। सबसे अहम बात यह है कि, यहां शासन से तय दरों पर यात्रा कराने के बजाय मेरी मर्जी की तर्ज पर यात्रियों का फायदा उठाया जाता है।

सुकमा से रायपुर भाड़े में फर्क-सुकमा से रायपुर, दुर्ग, विजयवाड़ा और हैदराबाद जाने वाली बसों के भाड़े को देख कर सब्जी मार्केट की याद आ जाती है। सुकमा से रायल ट्रेव्लस की एसी बस में यात्रा करने पर 750 रुपये लिया जाता है। तो दुसरी ओर इसी बस में वापसी करने पर 850 रुपये लिए जातें हैं। गुप्ता बस में 1150 रुपये वसूले जातें हैं। जबकि, सुकमा से विजयवाड़ा की दुरी 325 किमी है। सुकमा से हैदराबाद की दुरी 450 किमी है लेकिन वहां जाने का 1000 रुपये लिया जाता है। वही रायपुर से सुकमा मनीष में एसी बस का 791 रुपये लिया जाता है।

आधे सफर में यात्रियों को दिया जाता है उतार-लंबी दुरी की यात्रा करने वाले यात्री सावधान हो जाएं। जी हां... ये वाकया कभी भी आपके साथ हो सकता है। लंबी दुरी से सुकमा आने वाली बसें आये दिनयात्रियों को सुखद यात्रा के बजाय दुखद यात्रा बना देती है। 19 मई को रायपुर से कोंटा आने वाली रॉयल ट्रेव्लस की बसे में सवारी कम होने के कारण सुकमा, कोन्टा की यात्रा करने वाले यात्रियो को उतार कर दुसरे बसों मे ठुंस दिया गया था। इस दौरान परिवार के साथ लगेज के साथ यात्रा करने वालों पर क्या गुजरती होगी ये भगवान ही जाने।

नहीं दिखाई जाती है किराया सूची -शासन द्वारा प्रत्येक बस संचालकों को निर्देश जारी किया गया था कि, प्रत्येक बस में यात्री भाड़ा सूची प्रदर्शित कराना अनिवार्य था. जिससे यात्री उसे देख कर भाड़े की तुलना कर सके। लेकिन शासन के आदेश का कितना पालन धरातल पर हो रहा है. ये तो अगर साहब एसी चैंबर से निकर कर बसों मे यात्रा करे तब समझ में आयेगा। अक्सर देखने में आता है कि, यात्री बसों मे किराया सूची सार्वजनिक नही होने से यात्री लुट का शिकार बन जाते है।

ज्यादा बोलोगे तो उतार दिये जाओगे- रायपुर से कोंटा मार्ग पर रॉयल बस चालकों की मनमानी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। अपनी मनमर्जी के हिसाब से बस चालक यात्रियों के पास बिना टिकट के अधिक पैसे ले रहें है। कितनी बार शिकायत के बाद भी पैसा लूटने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अनेक बार बस चालक, बुकिंग करने वालों के द्वारा यात्रियों से मनमानी ढंग से बस में खचाखच यात्रियों को भरने, समय वे समय बसों को निकालने की बात आम बात हो गई है। बस चालक हो या बुकिंग करने वाले इनकी मनमानी से तंग आकर प्रशासन से लिखित शिकायत दिया गया. जिसको लेकर टिकिट काटने वालों ने शिकायत करने वालों पर गाली गलौज करने तक उतारू हो गए थे।रायपुर से आने के बाद देखुंगा- आरटीओ-इस पूरे मामले पर सुकमा जिला मुख्यालय में पदस्थ आरटीओ श्री रावटे ने कहा कि, फिलहाल राजधानी की यात्रा पर हूं आने पर इस पूरे मामले को देखेंगे।

इस्पात सचिव ने एनएमडीसी वेंडर पोर्टल का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 22 मई । इस्पात सचिव श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा ने एनएमडीसी के वेंडर चालान प्रबंधन और स्वयं सेवा पोर्टल का सोमवार को हैदराबाद में कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय में शुभारंभ किया। अपनी डिजिटल परिवर्तन यात्रा पर आगे बढ़ते हुए, एनएमडीसी ने पारदर्शिता और व्यावसायिक सद्भाव को बढ़ाते हुए खरीद के समय-चक्र को सुव्यवस्थित करते हुए, कंपनी के साथ जुड़ने के लिए विक्रेताओं के लिए एक सहज इंटरफ़ेस बनाने और लागू करने का रणनीतिक निर्णय लिया। श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा को कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन - श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार); श्री दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन); श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी); और श्री बी विश्वनाथ, सीवीओ तथा वेंडरों के साथ संबंधित एनएमडीसी अधिकारियों द्वारा पोर्टल की जानकारी प्रदान की गई । वेंडर पोर्टल के लाइव होने पर टीम एनएमडीसी को बधाई देते हुए श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा, ×हह्ह्रह्ल;एनएमडीसी को इसके सुस्थिर व्यापार प्रथाओं के लिए जाना जाता है और इस प्रकार की पहल पारदर्शिता और जवाबदेही के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए वेंडर सहभागिता को प्रोत्साहित करेगी । वेंडर इंटरैक्शन रूट में क्रांतिकारी परिवर्तन लाकर एनएमडीसी ने उद्योग के लिए नई दिशाएं तय की हैं। श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा, दक्षता और पारदर्शिता के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय खनन कंपनी के रूप में एनएमडीसी हर परिस्थिति में आगे रहने का प्रयास करता है । यह डिजिटल प्लेटफॉर्म जिम्मेदार खनन के प्रति हमारे संकल्प का एक प्रमाण है एनएमडीसी ने 45 मीट्रिक टन उपलब्धि के उत्साह के साथ वित्त वर्ष 25 में एक सकारात्मक शुरुआत की है। इस्पात सचिव ने एनएमडीसी के प्रदर्शन और चालू वित्त वर्ष के लिए बनाई जा रही योजनाओं की समीक्षा भी की।

जिले के निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत 702 सीट आबंटित

जगदलपुर, 22 मई। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी अशासकीय एवं गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों में असुविधाग्रस्त बच्चों का प्रवेश वर्ष 2024-25 के लिए कार्यवाही किये जाने हेतु समय सारिणी घोषित की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर जिले में शिक्षा के अधिकार के तहत कुल 94 अशासकीय विद्यालयों के नर्सरी केजी-1 एवं कक्षा पहली हेतु कुल 761 सीट ऑनलाईन पोर्टल में दर्ज कराया गया है और उन 761 सीटों पर कुल 1790 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

टोल टैक्स फ्री की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

सरायपाली, 22 मई। नेशनल हाईवे पर छुईपाली और ढांक टोल प्लाजा में गैर व्यावसायिक लोकल 06 वाहनों को टोल टैक्स फ्री करने करने की मांग को लेकर सरायपाली अंचल के दर्जनों वाहन मालिकों द्वारा बीएससीपीएल कंपनी के प्रबंधक, थाना प्रभारी, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। टोल टैक्स फ्री करने 15 दिवस का अल्टीमेटम दिया गया है। 15 दिवस के भीतर टोल टैक्स फ्री करने को लेकर कंपनी द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो सरायपाली व बसना के लोगों द्वारा बड़ा आंदोलन करने का संकेत दिया है। एनएच-53 पर दुर्ग व ओडिशा के टोल प्लाजा में गैर व्यावसायिक लोकल वाहनों को टोल टैक्स फ्री किया गया है, लेकिन उसी एनएच पर छुईपाली और ढांक टोल प्लाजा में पूरा-पूरा टोल टैक्स सीजी 06 वाहनों से वसूला जा रहा है। एक ही नेशनल हाईवे पर अलग-अलग नियम अपनाने व टोल टैक्स फ्री का लाभ न मिलने से आक्रोशित वाहन मालिकों ने 20 मई को टोल टैक्स फ्री करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। कंपनी को 15 दिन का समय दिया है। टोल प्लाजा बीएससीपीएल छुईपाली व ढांक के प्रबंधक को लिखे आवेदन में बताया है कि ओडिशा ओडी 17 स्थित बरगढ़ के सभी वाहनों का टैक्स फ्री किया गया है। जबकि, भिलाई-दुर्ग में भी सीजी 07 का टोल टैक्स फ्री किया गया है, लेकिन उसी मार्ग पर छुईपाली और ढांक टोल प्लाजा से टैक्स की वसूली की जा रही है। जिससे अंचल के लोगों के साथ कंपनी द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो सरायपाली व बसना के लोगों द्वारा बड़ा आंदोलन करने का संकेत दिया है। एनएच-53 पर दुर्ग व ओडिशा के टोल प्लाजा में गैर व्यावसायिक लोकल वाहनों को टोल टैक्स फ्री किया गया है, लेकिन उसी एनएच पर छुईपाली और ढांक टोल प्लाजा में पूरा-पूरा टोल टैक्स सीजी 06 वाहनों से वसूला जा रहा है। एक ही नेशनल हाईवे पर अलग-अलग नियम अपनाने व टोल टैक्स फ्री का लाभ न मिलने से आक्रोशित वाहन मालिकों ने 20 मई को टोल टैक्स फ्री करने को लेकर

दूरस्थ इलाकों के किसानों की संख्या के आधार पर प्राथमिकता से बीज, खाद का भण्डारण करें :कलेक्टर

जगदलपुर, 22 मई । कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि खरीफ वर्ष 2024 हेतु दूरस्थ इलाकों बिंता, चंदेला, ककनार जैसे क्षेत्र के लिए किसानों की संख्या के आधार पर प्राथमिकता से बीज, खाद का भण्डारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही क्षेत्र के किसानों को खाद-बीज वितरण की जानकारी पहुंचाने के लिए मुनादी या अन्य सूचना तंत्र का उपयोग किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए।कलेक्टर ने समय सीमा के प्रकरणों, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल के प्रकरणों का संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगामी समय-सीमा तक निराकरण करने के निर्देश दिए। विभागीय योजनाओं और कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शालाओं में पोषण वाटिका-किचन गार्डन के विकास में उद्यानिकी विभाग को आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में होने वाली कृषि विभाग की संभाग स्तरीय बैठक की आवश्यक तैयारी करने के साथ-साथ कृषि, मत्स्य, पशुधन, उद्यानिकी विभाग से संबंधित किसानों का शिविर के माध्यम में किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करने हेतु संबंधित विभाग के मैदानी अमलों को लक्ष्य के आधार पर केसीसी बनाने के कार्य में मई माह तक आवश्यक प्रगति लाने कहा। उन्होंने कहा कि किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन की प्रकरणों का प्राथमिकता से सभी एसडीएम निराकरण करवाएं। उन्होंने कृषक परिवारों एवं एफआरए पट्टाधारी कृषकों को नवीन केसीसी जारी करने का भी संज्ञान लियाबैठक में एनआरएलएम बैंक लिंकेज (एनपीए) की स्थिति, समूहों के सदस्यों को बीमा क्लेम की दिलवाने स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवास की प्रगति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजनांर्गत स्वीकृत कार्यों, समाज कल्याण के सामाजिक सहायता पेंशन योजनाओं के आधार सीडिंग, आधार अपडेट व बैंक लिंकिंग कार्य की समीक्षा कर योजनाओं के क्रियान्वयन में गति देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनरेगा में लेबर जनरेट करने पर जोर दिया, साथ ही मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवन और पीडीएस दूकान भवन के निर्माण कार्य को गति देते हुए 31 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वनाधिकार पट्टा हितग्राहियों को मनरेगा के तहत कार्य देने के संबंध में चर्चा किया गया।बैठक में कलेक्टर ने विकास कार्यों की भी समीक्षा की जिसमें बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत कार्यों, विशेष केंद्रीय सहायता योजना मद के स्वीकृत कार्यों की वर्ष 2020-21, वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24 के कार्यों, जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफटी) मद के विकास कार्य और सीएसआर मद के स्वीकृत कार्य 2016-17 से 2019-20 तक के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। विकास कार्यों की पूर्णता प्रमाण पत्र और उपयोगिता प्रमाण पत्र भी निर्माण संस्था को जल्द जारी करने के निर्देश दिए।

जिले में 26 तक होगा समर कैंप का आयोजन

सुकमा, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री हरिस एस. के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में जिले के स्कूलों में समर कैंप कराए जाने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी द्वारा जिले के प्राचार्य,बीईओ,बीआरसी एवं संकुल समन्वयकों की बैठक ली गई। बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं जिले के शालाओं में समर कैंप आयोजन के संबंध में निर्देश दिए गए। सुकमा जिले में 22 मई से 29 मई तक प्रति दिन सुबह 7.30 बजे से 9.30 बजे तक समर कैंप संचालित किया जाएगा। इसके लिए प्राचार्य,बीईओ, बीआरसी एवं सीएसी को आवश्यक तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए। एपीसी श्री आशीष राम ने बताया कि शिक्षा विभाग के माध्यम से आज सप्ताह में समर कैंप का आयोजन होगा। इंस्पायर अवार्ड के लिए दिए गए सुझाव पर चयनित बच्चों का मॉडल तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षा सत्र 2024ङ्क25 के लिए बच्चों के नए सुझाव प्रस्तुत करने की कार्यवाही 15 अप्रैल से प्रारंभ है,इसे निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत करने हेतु ध्यान देने कहा गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मांडवी द्वारा सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को जल्द से जल्द सेवा पुस्तिका एवं पासबुक का संधारण सुनिश्चित करने तथा शाला प्रवेशोत्सव की आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आश्रित शालाओं के द्वारा अपने-अपने पोषित शाला में सभी बच्चों का स्थानांतरण प्रमाण पत्र जमा करना होगा।प्राथमिक शाला के शिक्षकों को सभी आश्रित आंगनबाड़ी केंद्रों से पहली कक्षा में दर्ज लेने योग्य बच्चों की सूची प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। आहरण-संवितरण अधिकारियों तथा संस्था प्रमुखों को अनुकंपा नियुक्ति के लिए पात्र आवेदकों के आवेदन पत्रों में दस्तावेज सम्बन्धी कमीपेशी को दुरस्त कर तत्काल ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भेजने के निर्देश दिए गए।

आतंकवाद विरोधी दिवस पर आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने ली गई शपथ

सुकमा, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन के निर्णयानुसार आतंकवाद विरोधी दिवस पर मंगलवार 21 मई को जिले के शासकीय कार्यालयों में आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर ने जिला स्तरीय अधिकारियों तथा कार्यालय प्रमुखों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ ही कार्यालय प्रमुख एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

लोगों का असमय निधन पीड़ादायक :वनमंत्री

सुकमा, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के कुकदुर में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 से अधिक लोग घायल है। वहीं इस घटना पर वनमंत्री केदार कश्यप ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। केदार कश्यप ने कहा कि तेंदूपत्ता तोड़कर पिकअप में घर वापस लौट रहे संग्राहकों की असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक है। वनमंत्री ने कहा कि सभी घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करता हूँ। उन्होंने कहा कि उन सभी परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं है, जिन्होंने इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। सभी दिवंगत आत्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करे। ओम शांति।सरकार पीड़ित परिवारों की करेगी हर सम्भव मदद-वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के परिवार को सरकार के द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार के दिशा निर्देश पर स्थानीय जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के सहायता में जुटी हुई है।

मतगणना केंद्रों में सभी के लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जगदलपुर, 22 मई । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग कैलकुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं।

जिले में 15 जून तक मनाया जा रहा जल जगार उत्सव

धमतरी 22 मई। जल जगार उत्सव की शुरूआत आज कुरूद विकासखण्ड के ग्राम नवागांव(थुल्ह) से की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री गांधी ने ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि धरती के सभी जलस्त्रोत आज सूखने की कगार पर आ गए हैं। हम सभी को मिलकर पानी बचाना पड़ेगा, नहीं तो वो दिन दूर नहीं जब हमारा हाल भी बैंगलोर शहर जैसा हो जायेगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि धान की खेती में पानी अधिक ख

एक नजर

सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केंद्र व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

रायगढ़, 22 मई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.चंद्रवंशी ने आज व्हीएचएसएनडी सत्र के दौरान विकासखंड पुसौर के उप स्वास्थ्य केंद्र टेगापाली आयुष्मान आरोग्य मंदिर व शहरी स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा का निरीक्षण किया। जिसमें नियमित टीकाकरण की जानकारी देकर बच्चों के अभिभावकों को उनके बच्चे के स्वास्थ्य के बारे जानकारी ली। सीएमएचओ ने रामभांठा के कर्मचारियों को ड्रेस कोड में न रहने के कारण गहरी नाराजगी जताते हुए समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को अपने नियमित ड्रेस कोड व समय पर रहने के निर्देश दिए। औषधी कक्ष के निरीक्षण के दौरान दवाईयों के अवधि समाप्त तिथि के अनुसार सामने व देर से समाप्त होने वाले दवाईयों के क्रम को सही ढंग से रखने हेतु व संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिये सख्त निर्देश दिये।

कवर्धा हादसे पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने जताया शोक

महासमुंद। कबीरधाम (कवर्धा) जिले के कूकदूर थाना क्षेत्र के बहापानी गांव में हुए हादसे में 19 लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने घटना को अत्यंत दुःखद बताया है। श्रीमती साहू ने कहा कि इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है। शासन के समस्त योजनाओं का लाभ उन्हें दिया जाएगा तथा घायलों के समुचित इलाज के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्देशित भी किया है। साथ ही मृतकों के परिवार को 5-5 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक सहयोग की घोषणा की गई है।श्रीमती साहू ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मालवाहकों में सफर करना खतरनाक है। इसके बावजूद इसमें सवारी भरा जा रहा है। इस हादसे में भी पिकअप वाहन में ग्रामीणों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। उक्त समस्त मजदूर सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर पिकअप से वापस लौट रहे थे। पिकअप में करीब 40 मजदूर सवार थे। इसी दौरान रास्ते में अनियंत्रित होकर पिकअप 20 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। हादसे में 19 मजदूरों की दबकर मौत हो गई। वहीं कई मजदूर गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

ओलिंपिक खेलों को बढ़ावा देने जिले में प्रशिक्षण शिविर 10 जून तक चलेगा

महासमुंद। कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2024-25 का आयोजन जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के तत्वावधान में विभिन्न खेल संघों व संस्थाओं, व्यायाम शिक्षकों, प्रशिक्षकों के माध्यम से 21 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा हैं।इस प्रशिक्षण शिविर से खिलाड़ी खेल विधाओं की जानकारियों से अवगत होंगे, जो उनके खेल कौशल में सहायक होगी। जिले में खेल का वातावरण बनेगा और नए खिलाड़ियों का रुझान खेलों की ओर बढ़ेगा और नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने निर्देश दिए हैं। जिसके माध्यम से जिले में बास्केटबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कराते, ताइक्वांडो, बॉल बैडमिंटन, हॉकी, एथलेटिक्स, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, रग्बी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, लॉन टेनिस, शतरंज, वुशु, खो-खो, कबड्डी इत्यादि खेलों का प्रशिक्षण शिविर जिले में सब जूनियर, जूनियर वर्ग की बालक व बालिकाओं के लिए आयोजित किया जा रहा हैं, जो प्रातः एवं शाम 2-2 घंटे के लिए संचालित होंगे। खेल अधिकारी मनोज धुतलहरे ने बताया कि महासमुंद जिले के विभिन्न 19 से अधिक खेलों में 21 मई से प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया जा रहे हैं।जिसमें बास्केटबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कराते, ताइक्वांडो, बॉल बैडमिंटन, हॉकी, एथलेटिक्स, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, रग्बी फूटबाल, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, लॉन टेनिस, शतरंज, वुशु, खो-खो, कबड्डी इत्यादि खेल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे।

शालात्यागी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़कर मुख्यधारा में लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 22 मई। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित हुआ, कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सर्वप्रथम सभी विभाग के अधिकारियों को उनके द्वारा फील्ड में किए गए कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। जिसमें आदिवासी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों ने जमीनी स्तर पर प्रगतिरत कार्यो की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने आगामी शिक्षा सत्र को मद्देनजर रखते हुए शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़कर मुख्यधारा में वापस लाने, स्कूल चलो अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए व्यापक रूप से कार्य करने को कहा। लोक निर्माण विभाग एवं पीएमजीएसवाई के प्रगतिरत निर्माणधीन सड़कों का गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं समस्त निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य की लागत, कार्य पूर्णता की समयावधि का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने को कहा। जिले में कुपोषण की गंभीरता को देखते हुए व्यापक स्तर पर कुपोषण के विरूद्ध लड़ाई तेज करने स्पष्ट कार्ययोजना की जरूरत बताई ताकि जिले को कुपोषण से मुक्त कर सकारात्मक परिणाम ला सकें। नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत सर्वे, जमीनी स्तर पर की जा रही कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा करते हुए पूर्व में स्वीकृत अंदरूनी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिया गया। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल, श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

आतंकवाद विरोधी दिवस पर कलेक्टर ने दिलाई शपथ

बीजापुर, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जिला कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीवगांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में शपथ दिलाई। जिसमें अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा पर दृढ़ विश्वास रखते हुए सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति सामाजिक सद्भावना तथा सुझबूझ कायम करने और मानव जीवन को खतरा पहुंचाने वाले विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ ली गई।जिला कार्यालय सहित जिला पंचायत एवं जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने शपथ दिलाई गई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल, श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, नगरीय निकाय के सीएमओ एवं जिला कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

पालनार में सिविक एक्शन कार्यक्रम में ग्रामीणों को उपयोगी सामान बांटा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 22 मई। मावा पुलिस केतुल के तहत् ग्राम पालनार में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयोजन में पालनार ग्राम पंचायत के समस्त आश्रित ग्राम के लगभग 250-300ग्रामीणों ने हिस्सा लिया । ग्रामीणों को आवश्यक जरूरी सामग्री, युवाओं को खेल सामग्री एवं बच्चों पेन एवं कापी का वितरण विभाग द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में आये समस्त ग्रामीणों के लिये सामुहिक भोज के तहत् भोजन की व्यवस्था की गई।केरिपु 222 बटालियन की मेडिकल यूनिट के द्वारा ग्रामीणों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिविक कार्यक्रम में आये ग्रामीणों ने उपचार कराया एवं स्वास्थ्य लाभ लिये । कार्यक्रम के दौरान छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराया गया । फ्लैक्स के माध्यम से हिन्दी एवं गोंडी में समर्पण नीति का प्रचार प्रसार किया गया । मावा पुलिस केतुल कार्यक्रम के माध्यम से समाज के भटके युवाओं से इस मंच के माध्यम से अपील की गई हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़े, माओवादियों के विचार धाराओं एवं हिंसा को त्याग कर आत्मसमर्पण करें एवं खुशहाल पारिवारिक जीवन यापन करें । कार्यक्रम में आये ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उनके लाभ से अवगत कराया गया । कार्यक्रम में अति0 पुलिस अधीक्षक, ऑप्स बीजापुर श्री वैभव बैंकर, कंमाडेन्ट 222 ड्डढ्ढ केरिपु श्री विनोद मोहरिल, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू , उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार एवं केरिपु व जिला बल के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

जीएसटी, टीडीएस कटौत्रा के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू

रायगढ़, 22 मई। राज्य जीएसटी विभाग द्वारा केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम-2017 एवं छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर अधिनियम-2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामग्री खरीदी, सेवा प्राप्ति कर प्रदाय कर्ताओं को तथा ठेकेदारों को भुगतान किए जाने वाले भुगतान के स्त्रोत पर कर की कटौती (जीएसटी-टीडीएस)के संबंध में ऑनलाईन कार्यशाला रायगढ़ जिले के समस्त डीडीओ हेतु 22 मई को सायं 4.30 बजे से 5 बजे तक कलेक्ट्रट सभाकक्ष में स्थित सिस्टम ऑनलाईन गूगल मीट कनेक्ट कर आयोजित की जाएगी। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी अपने संबंधित कर्मचारी सहित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें।

सभाकक्ष सहित अन्य कक्षों के नामकरण का सुझाव देने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

बीजापुर, 22 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष सहित विडियो कॉन्फ्रेंस, आगंतुक कक्ष के नामकरण हेतु आम नागरिकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों से नामकरण का प्रस्ताव एवं सुझाव आमंत्रित किया गया था जिसमें कुल 14 प्रस्ताव आमंत्रित हुए थे। समय-सीमा की बैठक में उपस्थित प्रस्ताव देने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी को कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जिसमें एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, एसडीएम भोपालपटनम श्री यशवंत कुमार नाग, उप संचालक पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा, तहसीलदार बीजापुर श्री दुकालु राम ध्रुव, सीईओ जनपद पंचायत उसूर श्री प्रभाकर चंद्राकर एवं श्री शंकरिया राव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जनसंपर्क विभाग बीजापुर सम्मानित हुए।

शासकीय स्कूलों के बच्चों ने किया औद्योगिक प्लांट का भ्रमण

रायगढ़, 22 मई। 9 दिवसीय समर कैम्प के दौरान जिला स्तरीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रायगढ़ शहरी क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल चांदमारी, स्वामी आत्मानंद चक्रधर नगर, हाई स्कूल राजीव गांधी नगर, हायर सेकेंडरी स्कूल जूटमिल, शासकीय नटवर, हायर सेकेंडरी कन्या शाला स्कूल के लगभग 100 से अधिक बच्चों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों ने आज जिंदल स्टील एवं पावर प्लांट का भ्रमण कर विभिन्न प्रकार की मशीनों प्रक्रिया उत्पादन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर जिंदल स्टील पावर प्लांट के तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों को रॉ-मटेरियल उत्पादन, रॉ-मटेरियल्स एरिया ओर से आयरन बनाने की प्रोसेस, ऑक्सीजन प्लांट, लम्बी रेल पाथ बनाने की विधि, लोहे से प्लेट बनाने, लोहे और कोयले की मिक्सिंग, कीलन, कोल वासरी आदि को प्रत्यक्ष दिखाया और इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। स्कूली बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के अंत में जिंदल स्टेट पावर प्लांट के द्वारा जिंदल सेंटर में बच्चों को रिफ्रेसमेंट कराया गया। बच्चों ने पूरे शैक्षिक भ्रमण के भरपूर आनंद लिया, उन्होंने जिला प्रशासन के साथ जिला शिक्षा विभाग के बी.बाखला डीईओ, नरेन्द्र चौधरी, डीएमसी, भुवनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार, एपीसी मनोज अग्रवाल, बीआरसी राजकमल पटेल, सौरव पटेल एवं निशांत सिंह के साथ जिंदल स्टील प्लांट के सभी कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

कलेक्टर ने मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

महासमुंद। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के पांच विद्यार्थियों को टॉप 10 में जगह बनाने पर कलेक्टर प्रभात मलिक ने लैपटॉप एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी मुकाम को पाने के लिए परिश्रम करना पड़ता है। इस दौरान चुनौतियां भी सामने आती हैं। आप सभी को चुनौतियों से घबराना नहीं है, जो भी लक्ष्य है उसे प्राप्त करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने और आगे भी बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल करने के लिए हर्ष जताया। उन्होंने बच्चों के आगे की पढ़ाई की जानकारी ली और कहा की सबसे पहले महाविद्यालय स्तर पर अच्छे से पढ़ाई करें। विद्यार्थियों ने कहा कि बैंकिंग, चिकित्सा और सिविल सेवा में जाना कहते हैं। कलेक्टर ने इस दौरान उन्होंने अपने यूपीएससी तैयारी की जानकारी दी और मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर के हाथों लेपटॉप और उनसे मिले सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए यह लैपटॉप उनका भविष्य संवारेगा।इनका हुआ सम्मान-कक्षा 10वीं परीक्षा-2024 के परीक्षा परिणाम में महासमुंद जिले की चार विद्यार्थियों ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया। इनमें सेजेस इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुंद की छात्रा प्रेरणा साहू ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा की छात्रा रिया साहू एवं एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुडा सरायपाली की छात्रा डेनिशा प्रधान ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 9वां स्थान तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिबर्रा के छात्र तेजस नायक ने 97.17 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य में 10वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में महासमुंद जिले से ईवास वुडलैंड इंग्लिश स्कूल सरायपाली की छात्रा महक अग्रवाल ने 97.40 प्रतिशत अंक हासिल कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जाति प्रमाणपत्र को लेकर निजी स्कूल संस्था प्रमुखों की हुई बैठक

महासमुंद। प्राइवेट स्कूल के संस्था प्रमुखों की आवश्यक बैठक नवकिरण एकेडमिक महासमुंद में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम उमेश साहू ने सभी संस्था प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र सभी बच्चों की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। बच्चों के जाति प्रमाण पत्र से बहुत सारे प्रतियोगी परीक्षा में उन्हें भाग लेने का अवसर मिलता है। विभिन्न प्रकार के छात्रवृत्ति का लाभ बच्चों को जाति प्रमाण पत्र के आधार पर मिलता है। अर्थात सामाजिक दृष्टिकोण से देखें तो जाति प्रमाण पत्र हर विद्यार्थी के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य प्रशासन एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी बच्चों को 15 जून तक जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाया जाना है। बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार श्रीधर पंडा ने कहा कि सभी बच्चों का आवेदन जमा करें। कहीं कोई परेशानी होने पर व्यक्तिगत संपर्क करें। संकुल समन्वयक से संपर्क करें। एक भी जाति प्रमाण पत्र बनता है तो संदर्भ आवेदन नंबर तत्काल गूगल सीट में एंट्री किया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने कहा कि यदि हम ठान लें तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। अतः विद्यार्थी हित को ध्यान में रखते हुए सभी को जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहल करना होगा। अशासकीय विद्यालय के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र का न बनना चिंता का विषय है। बैठक के माध्यम से विकासखंड महासमुंद के सभी पालकों को आह्वान करते हुए कहा गया है कि सभी पालक अपने बच्चों का जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से बनाएं। विद्यालय के यू डाइस एंट्री समय पर हो, लक्ष्य के विरुद्ध प्रवेश नामांकन और ठहराव शाला त्यागी बच्चों की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराने की बात कही। छात्रवृत्ति पोर्टल, दाखिल पंजी, निरीक्षण पंजी, स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए विद्यालय को स्वच्छ रखने हमेशा तत्पर रहें। बीईओ लीलाधर सिन्हा ने आरटीई के अंतर्गत दाखिल होने बच्चों वाले बच्चों को पाठ्य पुस्तक और गणवेश समय में उपलब्ध कराने कहा। परीक्षा फल पंजी एवं अन्य अभिलेख का समय अनुसार संधारण, समर कैंप का आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सीएसी पवन साहू, सुरेंद्र चंद्राकर, ए चंद्रशेखर डोरा एवं प्राचार्य प्रधानपाठक शिक्षक उपस्थित थे।

संस्थागत प्रसव के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कर रही महिलाओं को जागरूक

बीजापुर 22 मई । कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में संस्थागत प्रसव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नियमित बैठक में संस्थागत प्रसव के लिये विशेष पहल की जा रही है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने आंगनबाड़ी केन्द्र में अनुमानित प्रसव दिनांक वाले महिलाओं की सूची चस्पा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही गर्भवती महिला की पहचान कर नियमित गृह भ्रमण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। और गृह भ्रमण के दौरान परिवार के सदस्यों को अस्पताल में प्रसव कराने की सलाह व उसका लाभ की जानकारी दिया जा रहा है, नौवें माह में कार्यकर्ता के द्वारा दो बार गृह भ्रमण कर प्रसव की पूर्ण तैयारी की जानकारी भी लिया जा रहा है। ऐसे सभी स्थानों जो कि स्वास्थ्य केन्द्र से काफी दूर है या जहां पर गाड़ी का जाना संभव नहीं है उन केन्द्र की कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्भवती को प्रसव दिनॉक के 15 दिवस पूर्व ही अस्पताल में भर्ती किये जाने हेतु परिवार वालों को समझाइस एवं परामर्श देने के साथ अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुण्डम आंगनबाडी केन्द्र इन्द्राआवास पडवाल वार्ड क्रमांक 02 आंगनबाडी केन्द्र जुनवानी से डिलवरी केस को भैरमगढ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं बासागुड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कर संस्थागत प्रसव कराया गया है। गुण्डम से गर्भवती माता करम ललिता पति उईका हुंगा को कार्यकर्ता मीना दुर्गम एवं मितानीन कोकी लती के द्वारा भर्ती कराया गया जहां पर स्वस्थ सुपोषित बच्चे का जन्म हुआ हैं बच्चे का वजन 2.500 किलोग्राम है। आंगनबाडी केन्द्र इन्द्राआवास से गर्भवती महिला सुकाली उरसा पति सोमारू उरसा को कार्यकर्ता निधि कुंवर द्वारा भैरमगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां पर महिला द्वारा स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया गया। बच्चे का वजन 2.300 किलोग्राम है। वर्तमान में बच्चा अंडरवेट है ।

मतगणना सफलतापूर्वक संपन्न कराना हमारा उद्देश्य:कलेक्टर

रायगढ़, 22 मई। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु आगामी 4 जून को होने वाले मतगणना के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कांतिकेया गोयल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतगणना पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम एवं संवेदनशील चरण है, इसलिए सभी मास्टर ट्रेनर्स बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं मतगणना हेतु कर्मचारियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करें। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, आपको इसे गंभीरता से करना होगा। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना के कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने पोस्टल बैलेट गणना के कार्य को सजगता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान मतगणना स्थल में आने वाली समस्याओं के निदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल एआरओ को सूचित करने हेतु प्रशिक्षण में अवश्य बताएं। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण हेतु

प्रश्नोत्तरी तैयार कर प्रशिक्षणार्थियों के शंका के समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि मतगणना दिवस पर सभी कर्मचारी नियत समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे ताकि मतगणना के कार्य में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी कार्य शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ करें। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी कार्य को नियत समय में संपन्न करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल द्वारा मतगणना विधि एवं प्रक्रिया, डाकमत पत्रों की गणना, ईटीपीबी, मतों की गणना, मतपत्रों के निरस्त होने के आधार, डाकमतों की पुर्नगणना, मशीन से गणना, मतगणना केन्द्र की आधारभूत संरचना, राजनीतिक दलों के गणना अभिकर्ता के मतगणना केन्द्र में बैठक व्यवस्था में प्राथमिकता, वीवीपैट पर्चियों की मतगणना, वीवीपैट के ड्रॉप बॉक्स को खोलना एवं सीलिंग, माइक्रो ऑब्जर्वर के कार्य एवं सीयू, सीलिंग के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सभी मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

मतगणना केंद्रों में सभी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारी ने दिए निर्देश

रायगढ़, 22 मई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल के भीतर ये सामग्री ले जा सकेंगे पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ताकोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है।

अधिकारी-कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ ली

महासमुंद। कलेक्ट्रेट परिसर में अपर कलेक्टर रवि साहू ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर एसके टंडन, जनपद सीईओ मिषा कोसले सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी शपथ ली। इसके अलावा जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार अधिकारियों-कर्मचारियों ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए आतंकवाद विरोधी शपथ ली।

एक नजर

तापमान में वृद्धि की चेतावनी

बलौदाबाजार 22 मई। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग के जिलों में आगामी 48 घंटे में अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री के मध्य रहने की संभावना व्यक्त करते हुए अलर्ट जारी किया गया है। विभाग द्वारा इन क्षेत्रों के नागरिकों को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे के बीच घर या कार्य स्थल से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। प्रभाव एवं आवश्यक कार्यवाही - पानी और उपयुक्त तरल पदार्थ का सेवन करते रहें।अनावश्यक रूप से धूप में न निकलें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 4 बजे की बीच।हल्के रंग के कॉटन कपड़े पहने व पूरे शरीर को ढंककर रखें। यदि कोई व्यक्ति लू से प्रभावित है तो उस व्यक्ति को छाया के नीचे ठंडी जगह पर लिटाएं । उसे गीले कपड़े से पोंछे या शरीर को बार -बार धोएं। सामान्य तापमान का पानी सिर पर डालें।

कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई आतंकवाद विरोधी शपथ

मोहला 22 मई। पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज जिला कार्यालय मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। शपथ लिया गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठा पूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

सेवा पुस्तिका व जीपीएफ पासबुक संधारण के लिए बीईओ मोहला में विशेष शिविर

मोहला 22 मई। शिक्षको एवं कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड को दुरुस्त करने के लिए सेवा पुस्तिका एवं पासबुक संधारण के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षकों व कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका में नॉमिनी का नाम जोड़ने बदलने, परिवार सूची में नाम जोड़ने या हटाने, उच्च शैक्षिक योग्यता को सेवा पुस्तिका में जुड़वाने, सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति का संधारण एवं जीपीए पासबुक संधारण का कार्य विशेष शिविर में किया जा रहा है। इस शिविर में सेवा रिकार्ड दुरुस्त किये जा रहे है। ग्रीष्म अवकाश में इस प्रकार के शिविर से कार्यालयों के कई पेंडिंग कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे तथा शिक्षकों को अपनी सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला के इस पहल की सभी ने सराहना की है तथा शिक्षको ने इस प्रकार के शिविर को कर्मचारी हित में लाभकर बताया है।

युवक ने की खुदकुशी

तिल्दा नेवरा 22 मई। पटरी में लेटकर एक युवक ने की खुदकुशी बिलासपुर से रायपुर जाने वाली ट्रेन प्लेटफार्म क्रमांक एक तिल्दा रेलवे स्टेशन पहुंची तब एक युवक ने पटरी में लेटकर की खुदकुशी घटना लगभग 9-30 का बताया जा रहा है मृतक युवक के जेब में रखे पर्स से पहचान नितेश कुमार निषाद उम्र 24 वर्ष परसदा कला वार्ड क्रमांक 3 फिगेश्वर जिला गरियाबंद के रूप में हुई। रेलवे पुलिस टीम के अधिकारियों ने बताया की युवक ट्रेन आने से पहले प्लेट फार्म क्रमांक 1 में बैठा हुआ था ट्रेन आने के बाद आगे रायपुर की ओर जाने के लिए ट्रेन में बैठ गया था किंतु ट्रेन आगे जाने से पहले ट्रेन से उतरकर पटरी में लेटकर खुदशुसी की।आरपीएफ पुलिस टीम शव को कब्जे में लेकर शव पंचनामा कार्यवाही में जुटे।

स्वामित्व योजना अंतर्गत जिले के 468 ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि के सर्वेक्षण उपरांत प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन

मोहला 22 मई। स्वामित्व योजना अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के 468 राजस्व ग्रामों में स्थित ग्रामीण आबादी भूमि का ड्रोन सर्वेक्षण कर अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। क्रियान्वयन एजेंसी सर्वे आफ इंडिया द्वारा जिला अंतर्गत मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, औंधी, खड़गांव के क्रमशः कुल 307 ग्रामों के शीटों का मसौदा मानचित्र (मैप-2) आवश्यक सुधार एवं आबादी भूमि के सभी भूखंडों के क्रमांकित कर संपत्ति धारको का विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रविष्ट कर उपलब्ध कराया गया हैं। प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रारंभिक प्रकाशन (परिशिष्ट-7) में किया जाना है।

आरटीई के तहत दाखिला लेने वाले बच्चों से स्कूलों में न हो भेदभाव: कलेक्टर

- ड्राप आउट बच्चों की जानकारी के लिए होगी साप्ताहिक समीक्षा
- निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार सम्बन्धी समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 22 मई। कलेक्टर श्री के. एल. चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार पर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के समस्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत निर्धारित पात्रता अनुसार बच्चो के प्रवेश एवं ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी संकलित करने पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अन्तर्गत प्रवेश दिए गए बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा प्रदान करने पर जोर देते हुए इन बच्चों पर किसी प्रकार की भेदभाव नहीं करने कहा।

कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चे भले ही आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं लेकिन उनमें प्रतिभा की कमी नहीं होती। जो बच्चे किसी कारणवश औसत स्तर पर पहुंच जाते है उन्हें प्रतोत्साहित करते हुए उपचारात्मक शिक्षा दें। बच्चों में किसी प्रकार की हीन भावना न आने दें। उन्होंने कहा कि सभी अशासकीय स्कूलों में आरटीई का व्यापक प्रचार प्रसार के लिए फ्लेक्स या दीवार लेखन कराएं जिसमें आरटीई के तहत प्रवेश देने एवं उपलब्ध सीटों की संख्या का भी उल्लेख हो। कलेक्टर ने आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के ड्राप आउट की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बच्चों की संख्या तथा ड्राप आउट के कारणों की जानकारी के लिए सभी अशासकीय स्कूलों में प्राचार्य या शिक्षक को साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस समीक्षा से हर सप्ताह पता चल जाएगा कि कौन विद्यार्थी अनुपस्थित रह रहा है। उस बच्चे के अनुपस्थिति के कारण का पता लगाकर उचित निराकरण किया जाए।

बताया गया कि जिले में लगभग 210 अशासकीय स्कूल संचालित है जिनमे आरटीई के तहत प्रवेश के लिए लगभग 1952 सीटें आरक्षित हैं। इस वर्ष इन स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश के लिए 58जार 589 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमे से 4006 आवेदन पात्र पाए गए है। पात्र आवेदनों में से बच्चों का प्रवेश लॉटरी पद्धति से होगा। प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रक्रिया जारी है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अशासकीय स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

बालको ने कंट्रोल टावर से सस्टेनेबल ऐश मैनेजमेंट को दिया बढ़ावा

कोरबा-बालकोनगर 22 मई । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने फ्लाई ऐश प्रबंधन नेटवर्क में बदलाव लाने के उद्देश्य से डिजिटल समाधान ऐश कंट्रोल टॉवर की शुरूआत की है। रियल टाईम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित निगरानी वाली यह उच्च-स्तरीय तकनीक सस्टेनेबल ऐश मैनेजमेंट को मजबूती प्रदान कर प्रचालन के आसपास सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का एक उप-उत्पाद है जिसका उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कंपनी के सर्कुलर इकोनॉमी एजेंडे का एक हिस्सा है। कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप विभिन्न उद्योगों के साथ साझेदारी करके फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल यूटिलाइजेशन को सुनिश्चित किया जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी और ऊर्जा एवं जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141: यखड़ा का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ऐश कंट्रोल टॉवर (एसीटी) राख प्रबंधन दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और राख के परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए रियल टाईम की निगरानी प्रदान करता है। यह तकनीक सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने वाले वाहनों को अबाधित आवाजाही के लिए एक मजबूत नेटवर्क की सुविधा प्रदान करती है। कैमरों के साथ पूरक जियोफेंसिंग प्रणाली एंड-टू-एंड संचार को सक्षम बनाती है जो रियल टाईम एआई-आधारित वीडियो टेलीमैटिक्स को शक्ति प्रदान करती है। वीडियो टेलीमैटिक्स ड्राइवर के व्यवहार में दृश्यता प्रदान करने के लिए सेंसर का उपयोग करता है और इसे ड्राइवर सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में उपयोग किया जाता है।

24झ7 निगरानी प्रणाली एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) से सुसज्जित है, जो वाहन के चारों ओर ब्लाइंड स्पॉट का पता लगाकर और अलर्ट जारी कर सुरक्षा में सुधार करती है। यह तकनीक वाहनों की गति और स्थिति पर मैन्युअल जांच की आवश्यकता को कम करता है। इसके अलावा एसीटी द्वारा प्रस्तुत व्यापक विश्लेषणात्मक अवलोकन संभावित जोखिम क्षेत्रों का विश्लेषण करने में मदद करता है, जिससे गश्त करने वाल दल की तैयारी क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए निर्णय लेने में मदद प्रदान करती है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी ने प्रचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबल एल्यूमिनियम उत्पादन के हमारे दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सक्रिय रूप से तकनीक और डिजिटल समाधान अपनाए हैं। विभिन्न प्रचालन क्षेत्रों में हमारे डिजिटल पहल ने सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाते हुए कार्यों में एफिसिएंसी लाने में महत्वपूर्ण रहे हैं। डिजिटलाइजेशन की मदद से सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देकर कंपनी शून्य क्षति के अपने संकल्प के प्रति कटिबद्ध है। सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में कंपनी ने अपने प्रचालन क्षेत्र में विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है। जैसे- फिक्सिड गुड्स कंट्रोल टॉवर जिसमें 2417 लाइव मॉनिटरिंग डैशबोर्ड शामिल है जो रियल टाइम जीपीएस ट्रैकिंग और स्पीड मॉनिटरिंग प्रदान कर पूरे 24 घंटे बिना रूकावट संचालन सुनिश्चित किया। परिसर के अंदर वाहन संचालन में एआई-संचालित एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) का एकीकरण ने सड़क सुरक्षा को मजबूत किया। एचएसएसई ने टी-पल्स निगरानी प्रणाली अपनाया जो एआई मॉडल का उपयोग करके कैमरों के नेटवर्क के माध्यम से रियल टाईम में संयंत्र के अंदर चल रहे कार्यों की निगरानी संभव हुई। ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रिएलिटी आधारित प्रशिक्षण केंद्र, वीडियो एनालिटिक्स, सस्टेनेबिलिटी मोबाइल ऐप और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम जैसे डिजिटलीकरण के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा संस्कृति से जोड़ा गया है। कंपनी अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर (सीएसओसी) की मदद से यातायात एवं सड़क सुरक्षा और सप्लाई चेन सहित विभिन्न सुरक्षा कार्यों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है।

कलेक्टर ने शपथ दिलाकर मनाया आतंकवाद विरोधी दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार,22 मई। आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर आज जिला कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। इस दौरान सँयुक्त जिला कार्यालय में सुबह 11 बजे कलेक्टर के एल चौहान ने सभी विभागों के कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकवाद से लड़ने एवं देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखने,सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने,मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति,सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलायी। इस मौके पर सँयुक्त कलेक्टर मिथिलेश डोण्डे,सीमा ठाकुर सहित सभी विभाग के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता हैइसका उद्देश्य यह दर्शाना है कि आतंकवाद किस तरह राष्ट्रीय हित के विरूद्ध है,युवाओं को आतंक और हिंसा के रास्ते से दूर करना है।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में मनाया गया शहादत दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 22 मई। कांग्रेस भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की 33वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर स्थानीय विधायक इंद्र साहू जी के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि देकर उनके द्वारा देश के लिए किए गए किए गए कार्यों का संस्मरण कर बताया कि उन्होंने अपने समय में बहुत ही कम उम्र में देश की बागडोर संभाल कर साहसिक फैसला लिए जिससे भारत देश विकसित देश की ओर अग्रसर हुआ। कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में सदैव राजीव गांधी जी को याद किया जाएगा, उन्होंने महिलाओं के लिए 33त्न का आरक्षण लागू करवाया, पंचायती राज व्यवस्था राजीव जी की दूरगामी सोच की वजह से गांव की विकास और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निगम मंडल के पूर्व सदस्य सतीश अग्रवाल , रोशन हबलानी आलोक मिश्रा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार शर्मा,शहर अध्यक्ष अरुण यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, वरिष्ठ कांग्रेस राधेश्याम शर्मा फग्गा भैया, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र भृगु, जिला सचिव गोपाल शर्मा, सभापति दीपक निर्मलकर,महामंत्री मुकेश साहू, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र साहू, सत्यजीत शेन्दे ,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद, उमाशंकर गुप्ता, रामेश्वर बांधे जिला सचिव लक्ष्मी पांडे, अंजली भारती एवं समस्त कांग्रेस जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

क्षतिग्रस्त बंकर का सेफ्टी कमेटी ने जायजा लिया

कोरबा 22 मई । एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर का एक हिस्सा अचानक गिरने का सेफ्टी कमेटी ने जायजा लिया। कमेटी ने सुरक्षा में किए जा रहे अनदेखी को गंभीरता से लेते हुए जांच की। टीम अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपेगी और सुरक्षा के समुचित उपाय करने पर जोर देगी। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की मेगा परियोजना कुसमुंडा में खदान से कोयला को सीधे कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ऊपर भेजने के लिए निर्माणाधीन बंकर के अंदर एक पुल्ली नुमा लोहे की भारी भरकम पुल्ली ऊपर से नीचे की ओर गिरने लगा और लोहे के लगे बड़े स्लैब उससे धक्का लगने पर अपने स्थान से खिसकने लगा। इसकी वजह से बंकर का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। वेट बैलेंसिंग में अनियमितता होने की वजह से पुल्ली ऊपर से नीचे की ओर गिरा।

शनिवार को हुई इस घटना के दौरान वहां कार्यरत 15 मजदूर भोजन अवकाश होने की वजह से बाहर थे। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल के बाद प्रबंधन के साथ ही श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने गंभीरता से लिया था।

महादेव एप के सात सटोरिए गोवा से गिरफ्तार, 1.70 करोड़ का ट्रांजेक्शन

कोरबा 22 मई। आइपीएल क्रिकेट में सट्टा लगाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। सबसे पहले एक स्थानीय सटोरिया पुलिस के हाथ चढ़ा। जांच के दौरान संपर्क जोड़ते हुए पुलिस गोवा तक जा पहुंची और यहां से सात सटोरियों को पुलिस गिरफ्तार कर कोरबा ले आई। इनमें छत्तीसगढ़ के चार, महाराष्ट्र के दो एवं हरियाणा का एक आरोपित रहने वाला है। आरोपितों के तार महादेव एप से जुड़े होने की पुष्टि हुई है।

पिछले दिनों सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने डीडीएम स्कूल के पास सार्वजनिक स्थान पर प्रतीक विधवानी को हिरासत में लिया था। उसे आइपीएल में आनलाइन सट्टा खिलाते रंगे हाथ पुलिस ने पकड़ा। उसके कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किया गया। जांच के दौरान मोबाइल में कई बैंकों के खाते एवं वाट्सएप ग्रुप बनाकर लोगों से पैसे का लेनदेन की जानकारी सामने आई। वह मोबाइल से ही क्रिकेट पर आनलाइन सट्टा खिलाया करता था। साइबर सेल टीम ने उसके वाट्सअप एवं बैंक खातों का अध्ययन किया। इसमें कई अलग-अलग बैंक खातों में 1.70 करोड रुपए का ट्रांजैक्शन मिला। गिरफ्तार सटोरी से पूछताछ पर पता चला कि उसके संगठित गिरोह के साथी गोवा में बैठकर महादेव एप पैनल के माध्यम से सट्टा का नेटवर्क चला रहा हैं। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम गोवा पहुंच कर वहां की पुलिस की मदद से आरोपित मनीष उदाषी 36 साल निवासी कटोरा तालाब गली नंबर तीन थाना सिविल लाइन रायपुर, सौरभ नरेश मनुज 22 साल निवासी दयाल नगर सिंधी मोहल्ला वर्धा थाना बाजार चैक जिला वर्धा महाराष्ट्र, मधुर सेवल वलेचा 22 साल निवासी महादेव घाट रोड सत्य विहार कालोनी रायपुर, नारायण कुमार निषाद 23 साल निवासी पार्वती नगर गांधीनगर मुर्रा भट्ठी थाना गुढ़ियारी रायपुर, कुलदीप सिंह 22 साल निवासी ग्राम बहू थाना व पोस्ट भट्ठू जिला फतेहबाद, हरियाणा, टिकेंद्र मांडवी 25 वर्ष निवासी पाटन ग्राम बाहरडीह थाना उतई जिला दुर्ग, हाल मुकाम ग्राम बोरसी दुर्ग तथा दिनेश दीलीप वासवानी 30 वर्ष पता तुलसी नगर जरी पटका जिला नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर कोरबा ले आई। सभी के खिलाफथाना कोतवाली में जुआ सट्टा अधिनियम के साथ आइटी एक्ट की भी कार्रवाई की है। धोखाधड़ी का भी अपराध पंजीबद्ध किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना की अगुवाई में टीम बनाकर गोवा रवाना किया गया। टीम वहां पहुंच कर सटोरियों की पतासाजी की, तो गोवा के जयराम नगर उनिया सण्डेंस बिल्डिंग के पास एक अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर सी 406 में रहकर सट्टा खिलाने की जानकारी मिली। तब टीम ने अपार्टमेंट की रेकी कर प्रत्येक व्यक्ति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद दबिश दी। इस दौरान फ्लैट में चार आरोपितमिले। जो लैपटाप एवं मोबाइल फोन से सेटअप तैयार कर आनलाइन सट्टा खेला रहे थे। पूछताछ में उन्होंने महादेव एम-100 आइडी पैनल के माध्यम से आन लाइन सट्टा का संचालन करने का अपराध स्वीकार किया। उनके निशानदेही पर एक अन्य गिरोह के तीन सटोरियों को जयराम नगर एमवीवीआर बिल्डिंग के अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर बी 106 से पकड़ा। गिरफ्तार सातों आरोपितों से पुलिस ने सट्टा संचालन में प्रयुक्त 13 लैपटाप, 48 मोबाइल फोन कुल कीमत 25 लाख रुपए तथा 26 विभिन्न बैंकों के पास बुक, 14 विभिन्न बैंकों के चेक एवं 40 एटीएम कार्ड जब्त किया।

कलेक्टर ने मानसून सत्र के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए

प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

मोहला 22 मई। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी मानसून सत्र के दौरान प्राकृतिक आपदा एवं बचाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी मानसून 2024 को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्ट आदि से बचने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने सरकूलर जारी किया गया है। कलेक्टर ने मानसून सत्र के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जारी सरकुलर के अनुसार आपदा प्रबंधन हेतु तैयार एक्शन प्लान पर पुनः विस्तृत चर्चा करने और सभी तथ्यों को यथा समय दुरस्त कर लेंने कहा गया है। समस्त वर्षा मापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करने कहा गया है। जिन तहसीलों में वर्षामापी यंत्र नहीं लगाए गए हैं, वहां वर्षामापी यंत्र तत्काल स्थापित करने की कार्रवाई करने, जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने दूरभाष नंबर राहत आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया है। उक्त कंट्रोल रूम 1 जून 2024 से 24 घंटा कार्य करेगा तथा कंट्रोल रूम की जानकारी आम नागरिकों को भी उपलब्ध कारयया जायेगा एवं इनका प्रचार स्थानीय समाचार पत्रों, आकाशवाणी व दूरदर्शन में भी कराया जायेगा। पहुंचविहिन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं होता है,वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाईयां आदि नियमानुसार संग्रहित करने और उपलब्ध कराया जायेगा। पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुआं, हैंडपंप आदि के लिए ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जायेगा। जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है, इन क्षेत्रों में सतत निगरानी व विशेष व्यवस्था किया जायेगा। ऐसे क्षेत्र के लोगों को आवश्यकता पडने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उनका ठहरने के लिए कैंप आदि की संपूर्ण योजना तैयार किया जायेगा। बाढ़ से बचाव संबंधित जो उपकरण जिले में उपलब्ध हो उनकी दुरस्ती कराकर तुरंत उपयोग हेतु तैयार रखा जायेगा। शहरों के भीतर बाढ़ वाले क्षेत्रों में पोर्टेबल डायविंग पंपों की स्थापना किया जायेगा। असुरक्षित पेड़ों की छटाई करना और सूचना पटल, होर्डिंग हटाना/सुरक्षित करना सुनिश्चित किया जाए।

नदी के जल स्तर पर बराबर नजर रखा जायेगा, जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर उनकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था किया जायेगा। तत्काल सुरक्षा उपाय किया जायेगा। जलाशयों से जल छोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास किये जायेगा ताकि बाढ़ की स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके तथा बाढ़ों को जल स्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घंटे पूर्व सूचना दी जायेगा। बाढ़ से बचाव, बचाव और राहत गतिविधियों या किसी अन्य स्वयंसेवक में शामिल प्रथम उत्तरदाताओं और कर्मचारियों को पर्याप्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। राहत शिविरों में नियमित चिकित्सा जांच की व्यवस्था किया जायेगा।

वेवपूल में नहाने को लेकर विवाद : बाहर निकलने पर महिलाओं व युवतियों के बीच हुई मारपीट

कोरबा 22 मई । अप्पू गार्डन (विवेकानंद उद्यान) में संचालित वेव पुल में नहाने के बाद मारपीट की घटनाएं होने लगी है। आठ दिन पहले युवकों में मारपीट हुई थी, इसके बाद रविवार को महिलाओं व युवतियों में मारपीट हुई। इंटरनेट मीडिया में प्रचारित हो रहे वीडियो में युवतियां एक दूसरे का बाल खींचते व मारपीट करते दिखाई दे रही। वहीं कार की शीशा भी फोड़ दिया गया।

नगर पालिक निगम द्वारा सीएसईबी चैक में संचालित अप्पू गार्डन (विवेकानंद उद्यान) क्षेत्र विवादों से घिरता जा रहा है। मारपीट की घटनाएं बढ़ने से उद्यान आने वाले लोगों का मजा किरकिरा होने लगा है। जबसे उद्यान का बेव पुल चालू हुआ है, तब से विवाद की स्थिति ज्यादा बढ़ी है। गर्मी की वजह से अप्पू गार्डन के वेवपूल में कुछ घंटे बिताकर मजा करने काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। नगर निगम प्रबंधन ने विवाद से निपटने के लिए महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग- अलग समय निर्धारित कर दिया है, पर विवाद खत्म नहीं हो रहा है। कुछ दिन पूर्व युवकों का दो गुट भिड़ गया था, यह मामला अभी पूरी तरह शांत नहीं हुआ था कि इस बार अप्पू गार्डन के बाहर रविवार को महिलाएं व युवतियां आपस में गुत्थम गुत्था होने के साथ पुरूषों में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरूआत बेवपुल में नहाते वक्त हुआ था और बाद में यह अप्पू गार्डन के बाहर निकल कर मारपीट में बदल गया। इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहे वीडियों में युवतियां और महिलाएं आपस में मारपीट कर रही हैं और बीच में पुरुष भी महिलाओं पर हाथ उठाते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं एक लड़का तो उक्त परिवार की कार के कांच को ही तोड़ता हुआ नजर आ रहा है। मारपीट और विवाद से भयभीत परिवार ने वहां से किसी तरह भाग कर खुद को बचाया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202405092100033
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक निशा बख्शी पति सुधांशु कांत बख्शी जाति कायस्थ निवासी नया थाना चौक नं 16 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि अनावेदकगण के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर गणेश वार्ड नंबर 10 डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित शीट क्रमांक 07 भूखंड क्रमांक 2183/2 (क), 2183/5 (क) कुल क्षेत्रफल 652 वर्गफीट भूमि स्थित है । उक्त भूमि को दिनांक 27/02/2024 को विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः क्रय की गई भूमि पर से अनावेदकगण (विक्रेता) का नाम विलोपित कर आवेदक (क्रेता) का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है, आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ, तलवाना एवं बैनामा की छाया प्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 19/06/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

एक नजर

डीएसआईएफडी में समर डांस कंपीटिशन का आयोजन

रायपुर 22 मई। रायपुर के मध्य में टैगोर नगर में स्थित डीएसआईएफडी संस्थान, जहां फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग और इवेंट मैनेजमेंट के पाठ्यक्रम पेश किए जाते हैं, जिसके डायरेक्टर राजेश बरलोटा और शेखर जैन हैं। 25 मई 2024 शनिवार को डीएसआईएफडी केयर ऑफ एलीट लर्निंग सेंटर टैगोर नगर रायपुर में डॉंस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है ।जिसका समय शाम 6 बजे से 8 बजे तक का है ।इस आयोजन में 16 साल से लेकर 32 साल तक के पुरूष एंड महिला दोनों भाग ले सकते हैं।प्रतिभागियों को डीएसआईएफडी द्वारा गिफ़्टस और प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जाएँगे ।इस इवेंट को डीएसआईएफडी के डायरेक्टर शेखर जैन के नेतृत्व में किया जा रहा है ।इस इवेंट को टीम इवेंट एंड एडवर्टिजमेंट के डायरेक्टर सरोज साहू अवम् डीएसआईएफ़डी के इवेंट मैनेजमेंट स्टूडेंट्स ऋषिका सोनी और टीम के द्वारा मैनेज किया जा रहा है और इसके सपोटिंग पार्टनर जैन कंप्यूटर्स, अलाईट लर्निंग, अरहम ट्रैवल्स, गिफ्ट पार्टनर पूजा ड्राई फ्रूट्स ,हेल्थ पार्टनर शंकर हेल्थ केयर और इवेंट मैनेजमेंट कंपनी टीम इवेंट एंड एडवरटाइज़मेंट, प्रिंट मीडिया पार्टनर रणभूमि छत्तीसगढ़ का भी समर्थन प्राप्त है । इस आयोजन का उद्देश्य प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और उन्हें एक अच्छा मंच प्रदान करना है।इस इवेंट में जज वाशु सर भी मौजूद रहेंगे जो डांस कम्पटीशन के विजातियों का फैसला करेंगे। यह कम्पटीशन ऑफलाइन मोड फॉर्मेट में रखी गई हैं ।अगर आप इस कंपीटिशन में हिस्सा लेना चाहते हैं ,तो रजिस्ट्रेशन के लिए नीचे दिये गये नंबर पर कॉल करें ।

घर से हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर, 22 मई। लोधीपारा स्थित आनंद प्लाजा के एक मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारीं के अनुसार प्रार्थी राकेश जयराज 55 वर्ष आनंद प्लाजा के सामने लोधीपारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर में प्रवेश कर सिलाई मशीन और कटर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो पक्ष आपस में भिड़े

रायपुर, 22 मई । छेड़ीखेड़ी स्कूल के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी सागर धीवर 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी करण यादव व सोनू यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी करण यादव 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अमित यादव, संदीप साहू, सागर व पप्पू यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

रायपुर, 22 मई। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रेलवे फाटक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राकेश सेन 22 वर्ष व जीवन सेन 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपी बंशी बाग 35 वर्ष एवं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी सूरज विश्वकर्मा 32 वर्ष व राहुल यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी सीतल कुर्रे 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

रायपुर, 22 मई। राखी पुलिस ने सतनाम चौक नवा रायपुर में अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सतनाम चौक में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पपुलिस ने आरोपी हिरावन तारक 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 31 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते चार युवक पकड़ाए

रायपुर, 22 मई । दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चाकू लहराते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने स्टेशन चौक शराब दुकान के पास चाकू लहराते आरोपी आशीष कुमान अनंत 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर, 22 मई। टिकरापारा एवं मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने अवैध गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 14 किलो 524 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी टुनू गाकड़ी 19 वर्ष के पास से 7 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है।

बारिश में बीमारियों से बचाने के लिए नगर निगम चलाएगा जागरूकता अभियान

रायपुर, 22 मई। नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम अधिकारियों को राजधानी रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में संक्रामक रोगों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कारगर रोकथाम करने अभियान चलाने के निर्देश दिए है. इसके लिए जोन कमिश्नरों को नोडल अधिकारी बनाया है. विभागों को किया अलर्ट, समिति के जरिए रखेंगे निगरानी

संक्रामक रोगों की समय पर जानकारी रहने और उससे बचाव करने के लिए विभिन्न विभागों की समन्वय समिति का गठन किया जाएगा, जो स्थिति की निगरानी करेंगे. इसमें स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएमएचओ कार्यालय, सिविल सर्जन कार्यालय के चिकित्सकों, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों, जिला मलेरिया विभाग शामिल है जो संक्रामक रोगो की जानकारी होते ही उसका प्रसार त्वरित रूप से रोककर लोगों को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण एवं राहत दिलाएंगे.

नागरिकों को गंदे पानी से होने वाली उल्टी, दस्त, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों के लक्षणों, कारणों, बचावों की जानकारी देकर विभिन्न माध्यमों से जागरूक बनाने का कार्य किया जाएगा. डेंगू की रोकथाम के लिए नागरिको को घरों के कूलरों की नियमित सफाई करने के लिए लगातार जागरूक बनाने सुझाव दिया गया. विभिन्न झुग्गी बस्तियों एवं स्लम एरिया में संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए सघन जनजागरण अभियान चलाने का सुझाव निगम की ओर से दिया गया.

आयुक्त ने फ्लिटर प्लांट के सहायक अभियंता को शहर के विभिन्न क्षेत्रों के पेयजल श्रोतों के समय पर पेयजल के नमूने लेने और प्रगति का प्रतिवेदन स्वास्थ्य विभाग को देने को कहा है. साथ ही रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक होने पर इस संबंध में तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करके आवश्यक बचाव कार्य और उपाय करने की ज़िम्मेदारी कार्यपालन अभियंता को दिया है. सार्वजनिक कुओं के चारों ओर चबूतरा बनाये जाने, गंदे पानी की निकासी की सही व्यवस्था करवाई जाएगी. खुले कुओं को ढकवाया जाएगा. जोन कमिश्नरों को अपने संबंधित जोन क्षेत्रों के लिए इसके लिए निर्देश दिए हैं.

समस्त जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को ये कहा गया है कि अपने-अपने जोन में आने वाले सब्जी बाजार, होटल, जलपान गृह, गन्ने एवं फलों के रस की दुकान, आईस्क्रीम पार्लर, बेकरी, मटन, मुर्गा आदि दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और नियमानुसार सड़े गले फल, सब्जी, मिठाई, मटन, मछली आदि के विनिष्ठिकरण की कार्यवाही करें. सुबह 10 से 12 बजे तक या दोपहर 3:30 से 5:30 बजे तक जोन स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में ये निरीक्षण किया जाएगा. कर्मचारी की व्यवस्था वार्ड स्वच्छता निरीक्षक करेंगे.

सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों,कार्यपालन अभियंताओं को निर्देश दिए गए हैं की अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में भ्रमण कर सतर्क व जागरूक होकर महामारी की संभावना वाले क्षेत्रों को चिन्हित कराए ताकि बीमारी से बचाव किया जा सके।

शहर के 70 वार्डों में कुओं की होगी सफाई

आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डों में स्थित सभी निजी और सार्वजनिक कुओं में सप्ताह में दो बार ब्लीचिंग पाउडर डालकर साफ़ करने के निर्देश दिए है. इसके लिए जोन कमिश्नरों को पर्याप्त मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर जोन कार्यालय में रखवाया जाएगा और आवश्यकता जोंड पर स्वच्छता निरीक्षकों के माध्यम से कुओं की सफ़ाई कराई जाएगी. बोरिंग हैंडपंप में ब्लीचिंग पाउडर, ब्लीचिंग लिक्वीड डालकर जल शुद्धिकरण का कार्य करने जलप्रदाय विभाग को निर्देश दिए गए है।

मतगणना की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जारी किया निर्देश

रायपुर, 22 मई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है।मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं व मतगणना अभिकर्ताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। मतगणना हॉल के भीतर ये सामग्री ले जा सकेंगे पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ताद्ध कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल। ये सामग्री रहेंगी प्रतिबंधित- मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

मास्टर प्लान में गड़बड़ी की शिकायत का कमेटी बनाकर होगा निराकरणः ओपी चौधरी

रायपुर, 22 मई। मास्टर प्लान में मिली शिकायतों के बाद से मार्च के महीने में एक जांच समिति बनाई गई थी। इस मास्टर प्लान को बनाने में कई बड़े अफ़सर शामिल हैं। इसी मसले पर अब वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, मास्टर प्लान के संबंध में अनेक शिकायतें मिली थी। जो भी गलतियां और गड़बड़ियां हैं। उसके लिए आवास पर्यावरण की कमेटी गठित की है। गड़बड़ी ठीक करने का काम किया जाएगा।

प्राइवेट कंपनियां छत्तीसगढ़ में इन्वेस्ट करेंगी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि, इन्वेस्टमेंट का माहौल बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। 5 साल में जीडीपी को 5 लाख करोड़ से 10 लाख करोड़ पहुंचाना है। इसके लिए यहां पर एमएनसीका आना जरूरी है। पिछली सरकार के समय भ्रष्टाचार चाजा हुआ है और इन्वेस्टर को प्रताड़ित करने का भी काम किया गया है।

सुधार के लिए प्रयास जारी

रजिस्ट्री से जुड़े मामलों पर मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सुधार के लिए प्रयास किया जा रहा है। गड़बड़ियों में सुधार करने की योजना बन रही है। पहले सॉफ्टवेयर अलग था, अब नए सॉफ्टवेयर में थोड़ी परेशानियां आ रही हैं। 2 से 3 महीने के अंचर सुचारू रूप से काम शुरू हो जाएगा।

सड़क हादसे रोकने आईजी ने मातहतों को जारी किया दिशा-निर्देश

रायपुर, 22 मई। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने जिला बालोद, बेमेतरा एवं दुर्ग के पुलिस अधीक्षकों के लिए सडक दुर्घटना रोकने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसमे अनाधिकृत रूप से मालवाहक वाहनों में सवारी लेकर चलने से एवं शराब पीकर वाहन चलाने, सडक के किनारे बिना सूचक दिए रोड में गाडी खडी करने से होने वाली दुर्घटनाओं में रोक लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। ज्ञात हो कि जिला कबीरधाम के थाना कुकदूर में एवम विगत दिनों में थाना बेमेतरा अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ग्राम कठिया के समीप सड़क किनारे खड़ी माजदा वाहन से पिकअप वाहन द्वारा पीछे से टक्कर मारने पर बहुत से लोगो की मृत्यु एवं कई लोग घायल हुए थे। ऐसे घटनाए को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज के द्वारा सड़क दुर्घटना में नियंत्रण लाये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था करने के संबंध में दुर्ग रेंज के समस्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए गए, जिसमे इस संबंध में मालवाहक एवं पिकअप वाहन स्वामियों की बैठक लेकर समझाईश दें कि मालवाहकों का उपयोग मोटर व्हीकल एक्ट नियमों के अनुरूप करें।

राजधानी में प्रचंड गर्मी, दोपहर में सड़कें वीरान

रायपुर, 22 मई। छत्तीसगढ़ के लोगों को अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। अगले दो दिनों तक लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर अलर्ट भी जारी किया है। विभाग के अनुसार दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। लोगों को दोपहर 12 से लेकर चार बजे तक घरों व दफ्तरों में ही रहने की अपील की है। गर्मी ने अपने तीखें तेवरों से लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। तापमान सामान्य जनजीवन को प्रभावित करने लगा है।

आगामी तीन दिनों में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

कुछ जिलों में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस दौरान प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन, अंधड़ व वर्षा की गतिविधियां जारी रहने की भी संभावना है।

अधिकतम तापमान का दौर जारी है। सोमवार को प्रदेश में रायगढ़ सबसे गर्म रहा। यहां सर्वाधिक तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम 20.3 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया। वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री दर्ज किया गया। बिलासपुर का तापमान 40.8 डिग्री रिकार्ड किया गया।

इन जगहों में हुई बारिशः वहीं सोमवार को प्रदेश के कुछ जगहों पर वर्षा भी हुई। कवर्धा, पेंड्रा, बस्तर और मनोरा में दो सेमी वर्षा के आंकड़े दर्ज किए गए। जबकि जशपुर के कुनकुरी, पंडरिया, तपकरा, बकावंड में एक सेमी वर्षा हुई। मंगलवार को रायपुर में आंशिक रूप से बादल रहने की संभावना है। अधिकतम 42 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता का बघेल पर तीखा हमला

रायपुर 22 मई। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थोड़ा इंतजार कर लें, चिटफंड कंपनियों के नाम पर घोटाले की जाँच भी होगी। भाजपा की प्रदेश सरकार पर मिथ्या आरोप लगाकर प्रताप करते भूपेश बघेल की बेसब्री दरअसल उनके डर को सामने ला रही है। श्री गुप्ता बघेल के उस ट्वीट पर कटाक्ष कर रहे थे जिसमें बघेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर कमीशनखोरी का आरोप लगाकर चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई अटकाने की बात कही है और चिटफंड कंपनियों पर हुई 'तथाकथित' कार्रवाई के नाम पर एक बार फिर अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बन रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि किसी काम को अटकाना, भटकाना और लटकाना कांग्रेस के डीएनए में है; भाजपा तो जो कहती है, वह करती है और जो कहा है, वह करके दिखाया भी है। यकीनन भाजपा की इसी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से बघेल खौफजदा हैं और अनर्गल प्रलाप करके अपने बचाव की पतली गली तलाश रहे हैं। जिस तरह पीलिया के मरीज को सब कुछ पीला-पीला नजर आता है, उसी तर्ज पर कांग्रेसियों को हर जगह चंदाखोरी, कमीशनखोरी ही नजर आती है। पर बघेल की ये तमाम कोशिशें नाकामयाब होंगीं, यह भी तय है; इसलिए बघेल अभी थोड़ा इंतजार कर लें। श्री गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का सुशासन है। अभी तो बघेल सरकार के कार्यकाल का कोयला फंड घोटाला, चावल घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी भर्ती घोटाला समेत तमाम घोटालों की जाँच हो रही है और अपराधी सींखचों के पीछे जा रहे हैं। बघेल यह बात गाँठ बांध लें कि नंबर तो सबका आएगा ही आएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि अब चिटफंड कंपनियों का भी नंबर आने वाला है। भाजपा के सुशासन और कानून के राज में कोई भी अपराधी बचेगा नहीं। भाजपा की सरकार पर लुटेरों की पार्टनर होने की झूठी तोहमत लगाकर बघेल अपने शासनकाल में हुई खुली लूट के कलंक को लाख जतन करके भी धो नहीं पाएंगे। जिन-जिन लोगों ने जनता की गाढ़ी कमाई और प्रदेश के सरकारी खजाने की लूट में अपने-अपने हाथ साफ करने का शर्मनाक कृत्य किया है, उन सबसे वसूली भी होगी और उन्हें अपने कृत्यों की सजा भी भोगनी होगी, फिर चाहे वह कोई भी हो।

प्रेमी ने प्रेमिका को उतारा मौत के घाट

रायपुर, 22 मई । शहर के सिविल लाइन इलाके में लिव इन रिलेशन में रह रही प्रेमिका की प्रेमी ने हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों पिछले पांच वर्षों से लिव इन में रह रहे थे। बीती रात खाना निकालने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। धक्का-मुक्की में प्रेमिका को चोट लगी और उसकी मौत हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मूलतः जूना बिलासपुर पचरी घाट की रहने वाली निधि केवट और मंगला के शत्रुहन पटेल के बीच प्रेम संबंध था।23 वर्षीय निधि की 26 वर्षीय शत्रुघ्न ने की हत्या कर दी। दोनों बीते पांच सालों से मंगला के यादव मोहल्ला में शत्रुहन के घर में लिव इन में रह रहे थे। मृतक और उसका प्रेमी दोनों चखना सेंटर चलाते थे। आरोपी शत्रुहन मौके से फरार हो गया था।

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक में एमएसएमई उद्योगों के लिए फ्री होल्ड नीतियों पर हुई चर्चा

रायपुर 22 मई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित एङ्क20 वर्चुअल बैठक में छत्तीसगढ़ चेंबर का प्रतिनिधित्व करते हुए चैंबर प्रदेश उपाध्यक्ष श्री महेश बंसल एवं प्रदेश मंत्री श्री निलेश मूंधड़ा जी शामिल हुए। बैठक में प्रदेश में स्थित एमएसएमई उद्योगों के लिए फ्री होल्ड नीतियों पर चर्चा की गई। चेंबर उपाध्यक्ष श्री महेश बंसल जी ने बताया कि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आयोजित एङ्क20 वर्चुअल बैठक के माध्यम से राज्यों में स्थित एमएसएमई उद्योगों को सरकारी उद्यमों के अंतर्गत लाने तथा एमएसएमई से संबंधित आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को भी लाभ पहुंचाने की बात कही गई। चेंबर प्रदेश मंत्री श्री निलेश मूंधड़ा जी ने बताया कि बैठक में एमएसएमई उद्योगों के लिए फ्री होल्ड नीतियों को इकट्ठा करने और एमएसएमई क्षेत्र के लाभ के लिए केंद्र सरकार के समक्ष अपनी बात रखने का पारस्परिक रूप से निर्णय लिया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से उपस्थित प्रदेश मंत्री श्री निलेश मूंधड़ा जी को इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करने नामित किया गया।

अलग-अलग क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

रायपुर, 22 मई। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजीव अग्रवाल 36 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने गंज थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एएम 2825 को गरचा कॉम्पलेक्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में वंगोराभाठा निवासी पियूष कुमार देवांगन ने मौहदापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 टीबी 7727 को जोरापारा के फल दुकान में खड़ी किया था।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

शालीमार एलटीटीई एक्सप्रेस में हुई दुर्घटना के लिए एसएजी स्तर के जांच आदेश दिए गए

रायपुर, 22 मई। रायपुर रेल मंडल में उरकुरा स्टेशन से गाड़ी संख्या 18030 शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस घटना की एसएजी स्तर पर जांच के आदेश दिए गए हैं। रेलवे अधिकारियों ने घटना स्थल का दौरा किया। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कांट्रेक्टर द्वारा रेलवे को संज्ञान में लाये बिना ड्रिलिंग मशीन से रेलवे लाइन के नीचे ड्रिलिंग किया जा रहा था, उसी समय ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच बी-4,बी-5,बी-6 के खिड़कियों के कांच टूटने की घटना घटित हुई।

मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि ट्रेन में चलने वाले ओबीएचएस (सफाई कर्मी) स्टाफ नारायण चंद बाग उम्र 30 साल को एवं एक अन्य यात्री (व्यक्ति) देवारी लाल धीवर उम्र 30 साल हाथ में चोट आई। एक रेल यात्री उम्र 12 साल जो

अपने परिवार के साथ खड़गपुर से एलटीटी की यात्रा कर रहे थे उन्हें आंख के पास चोट आई इन्हें उपचार के उपरांत परिवार सहित विशाखापट्टनम-एलटीटी एक्सप्रेस से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए रेलवे द्वारा टिकट की व्यवस्था कर भेजा गया। स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के पांच मिनट के अंदर डॉक्टर एवं एंबुलेंस की टीम पहुंच गई एवं यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया गया। घायल यात्रियों को नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत बेहतर है। घटना की जानकारी लगते ही रायपुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंझ्र) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आर के साहू, रायपुर स्टेशन पर पहुंचे। 10.20 बजे शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस के रायपुर पहुचते ही स्टेशन पर कार्यरत सभी कर्मचारी वाणिज्य निरीक्षक, वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल के जवान तत्परता के साथ यात्रियों की देखभाल में लग गए। घायल यात्रियों को नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया गया एवं अन्य सभी यात्रियों की सरंक्षा की पुष्टि के उपरांत 11:40 बजे रायपुर स्टेशन से ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। संजीव कुमार ने बताया कि चोटिल यात्रियों से बात की गई उनके परिजनों से बात कर संतुष्टि जाहिर की। रेलवे द्वारा चोटिल यात्रियों के लिए बेहतरीन चिकित्सा एवं खानपान की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को चोटिल यात्रियों को उचित एवं त्वरित इलाज सुनिश्चित करने तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अनुग्रह राशि दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि सरंक्षा एवं अन्य मंडलीय अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया, साथ ही मुख्यालय से अधिकारियों की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाकर जानकारी ली गई उनके द्वारा यह माना गया कि घटना स्थल पर निर्धारित मानकों को अनदेखा कर ठेकेदार द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा था।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26